
सुप्रभात
रांची, सोमवार
24.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 340



12 एक दूजे के हुए सोनाक्षी सिन्हा और जहीर




## न्यूज डायरी

### कल्पना ने मरांगबुरू से राज्य खुशहाली मांगी

**रांची।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन अपने गिरिडीह और गांडेय दौरे के चौथे दिन आदिवासियों के पवित्र धर्मस्थली मरांगबुरु पहुंचीं। उन्होंने पारंरिक रीति-रिवाज के साथ इष्ट देवता की पूजा-अर्चना की और राज्यवासियों की खुशहाली की कामना की। इससे पहले वह मोरारी बापू की शरण में पहुंची। उन्होंने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

### उरी में सेना ने एलओसी पर घुसपैठिये को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सेना ने रविवार को एलओसी के पास एक घुसपैठिये को मार गिराया। मारे गये आतंकी की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला के गोहालन उरी में घुसपैठ विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। सेना ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकी को चुनौती दी। उसने गोलीबारी शुरू कर दी। तब सेना ने उसे मार गिराया।

### पलामू में टांगी से काट कर पिता को मार डाला

**मेदिनीनगर।** आपसी झगड़े के 12 घंटे के बाद एक बेटे ने अपने पिता की टांगी से काट कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पलामू के पांडु थाना क्षेत्र के मुसिखाप निवासी नसीरुद्दीन खान रविवार को नदी के किनारे मवेशी चरा रहा थे। तभी उनका बेटा मुबारक मौके पर पहुंचा और उन्हें टांगी से काट डाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### झारखंड कांग्रेस की आज दिल्ली में बैठक

**रांची।** कांग्रेस भी आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड के नेताओं की सोमवार को दिल्ली में बैठक बुलायी है। बैठक में राहुल प्रियंका, वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर समेत राज्य के कई सीनियर नेता भाग लेंगे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 94000 रु./प्रति किलो |

## सभी की मदद से झारखंड को अव्वल राज्य बनायेंगे : सीएम

# सभी आदिवासी एकजुट हों, तभी बचेगी परंपरा

- ग्राम प्रधानों के अधिकार क्षेत्र में की जायेगी बढ़ोतरी
- माझी परगना महाल व्यवस्था की मजबूती पर जोर
- आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को प्रतिबद्ध



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/घाटशिला।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि राज्य को संवारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनायेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। सीएम ने रविवार को घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उदघाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वहीं एक अन्य कार्यक्रम माझी परगना महाल के 14वें महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम ने कहा कि माझी परगना व्यवस्था जब मजबूत होगा, तभी आदिवासी समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सभी आदिवासी समाज को अपने हक-अधिकार के लिये एकजुट होना होगा। आदिवासियों में सामाजिक एकता और चेतना जगाने की जरूरत है, ताकि उनकी सामाजिक पारंपरिक व्यवस्था से कोई खिलवाड़ नहीं कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ग्राम प्रधानों का अधिकार और बढ़ाने जा रही है।

**आदिवासी परंपरा पर खतरा :** सीएम ने कहा कि आदिवासी समुदाय भले ही अलग-अलग क्षेत्र में रहते हैं पर उनकी परंपरा और संस्कृति लगभग एक जैसी ही है। आज उनकी समृद्ध परंपरा पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में आदिवासी समुदाय की परंपरा, भाषा, कला- संस्कृति के संरक्षण और बढ़ावा के लिये सभी को आगे आना होगा। झारखंड सरकार आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। (शेष पेज 11 पर)

### सरना धर्मकोड

सीएम ने कहा कि आदिवासी हितों सरना धर्म कोड के लिए सरकार प्रयास जारी रखेगी। इसके साथ वन अधिकार और सीएनटी तथा एसपीटी एक्ट में वैसे किसी भी तरह के छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस महासम्मेलन में विधायक रामदास सोरेन, समीर मोहंती, संजीव सरदार, देश परगना बाबा बैजू मुर्मू और माझी परगना महाल के सभी अगुवागण मौजूद थे।

## नीट परीक्षा : सीबीआइ ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

# 25 से 30 लाख में बेचा एक पेपर

## महाराष्ट्र से दो शिक्षक, बिहार से तीन और गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली,पटना।** सीबीआइ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की लिखित शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)(यूजी) में कथित अनियमितताओं के मामले में आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। जांच में पेपर लीक का मामला परत-दर-परत खुलता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक 30 लोगों को पेपर बांटने वाले 3 लोगों को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार में इस केस से जुड़े 13 लोगों की गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार व्यक्ति ने खुलासा किया कि उसने 25 से 35 लाख तक में बेचा था एक पेपर। वहीं बिहार के ही नवादा में जांच करने गयी सीबीआइ की टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने मौके पर जा कर अधिकारियों को बचाया। दूसरी ओर पेपर लीक मामले में महाराष्ट्र कनेक्शन भी सामने आ रहा है। एटीएस ने वहां दो शिक्षकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। (शेष पेज 11 पर)

### बड़ी साजिश की आशंका

मंत्रालय ने सीबीआइ से परीक्षा के आयोजन से जुड़े लोक सेवकों की भूमिका, यदि कोई हो, की जांच करने तथा घटनाओं के पूरे दायरे और बड़ी साजिश की जांच करने का अनुरोध किया है। मामले की सर्वोच्च प्राथमिकता पर जांच करने के लिए सीबीआई द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है एवं इन टीमों को पटना और गोधरा भेजा जा रहा है जहां स्थानीय पुलिस ने मामले दर्ज किये हैं। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि गत पांच मई को एनटीए द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ अलग-अलग घटनाएं हुईं। 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। सीबीआई से कथित अनियमितताओं के पूरे मामले की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है। इसमें षडयंत्र, धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, विश्वासघात और उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा सबूतों को नष्ट करना, अनियमितताओं का प्रयास करना शामिल है।

## नक्सलियों ने सीआरपीएफ का वाहन उड़ाया, दो शहीद

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों ने सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवानों के ट्रक को निशाना बनाकर आइइडी ब्लास्ट किया गया है। धमाके में दो जवान शहीद हो गये। जवानों की मूवमेंट के बीच नक्सलियों ने सिलगेर इलाके में यह ब्लास्ट किया। कई जवानों के घायल होने की भी खबर है। सुकमा की एसपी किरण चव्हाण ने की घटना की पुष्टि करते हुए कहा, "जगरगुंडा क्षेत्र के अंतर्गत कैम्प सिलगेर से 201 कोबरा वाहिनी की एडवांस पार्टी आरओपी ड्यूटी के दौरान कैम्प टेकलगुड़ेम जा रही थी। इस काफिले में ट्रक और मोटर साइकल शामिल था। कैम्प सिलगेर से टेकलगुड़ेम जाने के रास्ते में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से आइइडी प्लांट किया गया था। जवानों का वाहन जैसे ही पहुंचा, नक्सलियां ने पहले से ही लगाये बम को ब्लास्ट कर दिया। शहीद जवानों में वाहन चालक विष्णु और आरक्षक शैलेंद्र शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)

## मानसून की दस्तक जमकर बरसेंगे बादल

**रांची।** लंबे समय तक भीषण गर्मी झेलने के बाद मानसून पूर्व की झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। राज्य के संताल परगना वाले इलाके में 25 जून तथा 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी रांची और आसपास के इलाके में भी भारी बारिश का अनुमान है। 24 जून को राज्य के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी और आसपास वाले इलाकों में भी कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट किया गया है। मानसून अभी संताल परगना इलाके में ही सक्रिय है। अगले दो-तीन दिनों में इसका असर दिख सकता ह। मानसून और कई जिलों में प्री मानसून बारिश के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है।

# झारखंड में देश की सबसे भ्रष्ट सरकार : शिवराज

## अबकी बनेगी भाजपा सरकार, मरांडी के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव : हिमंता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों में झारखंड भाजपा पूरी तरह जुट गयी है। रविवार को चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की उपस्थिति में प्रदेश कार्यालय में सांसद, विधायक, मोर्चा अध्यक्ष और अन्य के साथ सांगठनिक बैठक की। भावी रणनीति पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने दावा किया कि झारखंड में इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी। पार्टी बाबूलाल मरांडी के चेहरे पर ही चुनाव में जायेगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा ही झारखंड को भ्रष्टाचार से निजात दिलायेगी। चुनाव प्रभारी बनाये गये दोनों नेता पहली बार झारखंड पहुंचे थे।

**राज्य सरकार पर साधा निशाना :** शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि झारखंड को कुशासन से मुक्त कराना है। बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से बात हुई है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की टीम यहां काम करेगी और वे (चौहान) तथा सरमा इसमें मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि आज तक झारखंड सरकार की तरह कोई भ्रष्ट और लुटेरी सरकार नहीं देखी। इस सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। श्री चौहान ने लोकसभा चुनाव में आठ सीटें जीतने पर कार्यकर्ताओं और प्रदेश नेतृत्व के परिश्रम की सराहना की। आजसू पार्टी के साथ मिल कर कठिन परिश्रम का यह फल है। आनेवाले विस चुनाव में भाजपा वापसी करेगी। मौके पर अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, नेता विपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत पूर्व सांसद-विधायक मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)



### विशेष सचिव के पांच और अपर आयुक्त के भी 19 पद खाली

# खजाने पर असर डाल रहा वाणिज्य कर विभाग में मैनपावर की कमी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के वाणिज्य कर विभाग में मैनपावर की कमी का असर सरकारी खजाने पर पड़ रहा है। विभाग में कुल 443 स्वीकृत पद हैं लेकिन केवल 244 अफसर और कर्मी ही कार्यरत हैं। यानी 199 पद रिक्त पड़े हैं। वित्त सेवा के अधिकारियों में विशेष सचिव के पांच और अपर आयुक्त के 19 पद स्वीकृत हैं। लेकिन सभी पद खाली हैं। इसके नीचे के 177 पद प्रोन्नति नहीं होने की वजह से रिक्त हैं। इसके अलावा राज्य के तत्कालीन वाणिज्यकर आयुक्त संतोष वत्स की कमी भी अधिकारियों के मनोबल को बढ़ाने में बढ़ाने में आड़े आ रही है।



### जीएसटी से भी लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली

जीएसटी से भी लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी से 14,000 करोड़ टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया था। इसके एवज में 12481.77 करोड़ रुपये की ही वसूली हुई। परिणामस्वरूप, वाणिज्य कर विभाग लक्ष्य से 1518.23 करोड़ पीछे रह गया। वहीं नॉन जीएसटी से 10,000 करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली का लक्ष्य रखा गया था। इसके एवज में 8427.92 करोड़ रुपये की ही वसूली हो पायी। यानी 1572.08 करोड़ की वसूली नहीं हो पायी।

### पहली तिमाही में ही गिरा राजस्व वसूली

बीते साल के मुकाबले चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वाणिज्य कर विभाग के राजस्व में 23.95 प्रतिशत की गिरावट आयी है। चालू वित्तीय वर्ष में राजस्व के रूप में 26,000 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित है। इसके एवज में जून के तीसरे सप्ताह तक वाणिज्य कर विभाग ने सिर्फ 4088.28 करोड़ रुपये की वसूली की है। यह वार्षिक लक्ष्य का सिर्फ 15.72 प्रतिशत है। बताते चलें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में वाणिज्य कर विभाग ने 1755.02 करोड़ रुपये की वसूली की थी।

### फैक्ट फाइल

कुल स्वीकृत पद : 443
कार्यरत अफसर-कर्मी : 244
वर्तमान में अफसर और कर्मियों के रिक्त पद : 199
प्रोन्नति नहीं होने के कारण खाली पड़े पदों की संख्या : 177

### जीएसटी से आता है 60 फीसदी रेवन्यू

वाणिज्य कर विभाग कुल राजस्व संग्रहण का लगभग 60 प्रतिशत जीएसटी से वसूल करता है। शेष 40 प्रतिशत राजस्व झारखंड मूल्य वर्धित कर, विद्युत शुल्क और झारखंड पेशा कर से मिलता है। वित्त वर्ष 2023-2024 में जीएसटी, जेवैट, ईडी, जेपीटी सहित कुल वसूली का लक्ष्य 24,000 करोड़ था। लेकिन टैक्स से मिलने वाले राजस्व में सिर्फ 0.17 फीसदी का ही इजाफा हुआ। वित्त वर्ष 2023-2024 में 21,075.37 करोड़ ही मिले। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-2023 में 21,040 करोड़ टैक्स मिले थे।

### गरीब विद्यार्थियों कैसे मिलेगा गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना के तहत ऋण

# गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की वेबसाइट नहीं खुलने से विद्यार्थी हो रहे हैं परेशान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए गुरूजी क्रेटिड कार्ड योजना की शुरूआत की है। इसके तहत राज्य में 10वीं और 12वीं पास वैसे विद्यार्थी जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, उन्हें गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराया जाना है। 21 जून को सीएम चंपाई सोरेन ने इस योजना की समीक्षा भी की थी। इस योजना के लिए आवेदन जमा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने बेवसाइट भी लॉन्च किया है। लेकिन यह बेबसाइट काम ही नहीं कर रहा है। वेबसाइट में अप्लाई फॉर्म, फिर एप्रुवल के ऑप्शन दिए गए हैं। लेकिन यह खुल ही नहीं रहा है। ऐसे में आवेदन करने वाले विद्यार्थी परेशान हैं।

### 21 को शुरू हुआ था स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल

21 जून को सीएम चंपाई सोरेन ने उच्च स्तरीय बैठक के दौरान गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल का शुभारंभ किया था। इस दौरान कहा गया था कि इसकी लॉन्चिंग के साथ ही अब झारखंड में गुरुजी स्टूडेट क्रेडिट कार्ड के लिए छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत उच्च शिक्षण संस्थान में चयनित विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें सरकार ने योजना के लिए जिन चार बैंकों के साथ इकरारनामा किया गया है, उससे 15 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

### सोशल मीडिया पर सीएम ने दी थी जानकारी

सीएम चंपई सोरेन ने योजना की शुरूआत करते हुए एक्स पर लिखा था कि आज, एक और वादा पूरा हुआ। आज विद्यार्थियों के उच्चतर शिक्षा में सहयोग के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ किया गया। इसके तहत छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए आसानी से 15 लाख तक ऋण उपलब्ध होगा। हमारा मानना है कि शिक्षा से समाज में बदलाव आयेगा। इसलिए हमारी सरकार ने हर जिले में अत्याधुनिक सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोला, छात्रवृत्ति में वृद्धि की गई, बेटियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया, तकनीकी शिक्षा के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति शुरु की गई और गरीब परिवारों से ताल्लुक रखने वाले छात्रों को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति देकर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भेजा गया। आप सभी के सहयोग से, शिक्षा के जरिये झारखंड की अगली पीढ़ी के जीवन स्तर में बदलाव लाने की यह मुहिम जारी रहेगी।

# मां और प्रकृति दोनों जीवन के आधार : शिवराज सिंह चौहान

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के रूप में मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर आये केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर परिसर नामकुम में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों जीवन के आधार हैं। दोनों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर कार्यकर्ता 23 जून से 6 जुलाई तक लाखों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि प्रकृति भी मां के समान है। प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लें और समाज के हर व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित भी करें। बाबूलाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज दुनिया की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत भी बनाना है और पर्यावरण को भी स्वस्थ करना है।

मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, रास सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित कई विधायक-सांसद ने भी पौधारोपण किया।

# झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस नेताओं की दिल्ली में आज मैराथन बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के उपरांत चार महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस भी जुट गई है। कांग्रेस आलाकमान भी झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में कोई कोताही नहीं हो इसको लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की बैठक सोमवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में बुलायी है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल समेत प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत राज्य के कई सीनियर नेता भी शामिल होंगे।

### बैठक में चुनाव की तैयारी के साथ हार-जीत की भी होगी समीक्षा



बैठक में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ ही साथ गठबंधन की हार-जीत की समीक्षा करेंगे। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहा है, इस पर भी चर्चा होगी। जिन विस क्षेत्रों में प्रतिद्वंद्वी से कम वोट मिला है उसमें लीड कैसे लिया जाए, इसकी रणनीति भी तैयार की जाएगी। आनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारी कैसे हो, पार्टी संगठन को तीन से चार महीने के अंदर कैसे मजबूत किया जाए, मंत्रियों के कार्यकाल की समीक्षा, राज्य में चली पूर्व की हेमंत सोरेन और वर्तमान में चंपाई सोरेन के कार्यों की समीक्षा, कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर कितना काम हुआ, विस चुनाव घोषणा पत्र के एजेंडे, भाजपा को विधानसभा चुनाव के दौरान कैसे काउंटर किया जाए, इसपर मंथन होगा। साथ ही किस तरह से इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव लड़ते हुए फिर से 2024 में गठबंधन की सरकार बनाए, इसकी रणनीति पर भी गंभीर मंथन होगा।

**कांग्रेस इस बार मांगेगी ज्यादा सीटें :** प्रदेश कांग्रेस नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार, पार्टी इस बार 31 के बदले 33 सीट पर अपनी दावेदारी करेगी। क्योंकि इस बार कांग्रेस के दो विधानसभा से दो नए चेहरे मैदान में होंगे। प्रदीप यादव जो 2019 का विधानसभा चुनाव झाविमो के टिकट पर लड़े थे और विधानसभा चुनाव के बाद जब बाबूलाल झाविमो का विलय भाजपा में करने की तैयारी में थे, उस वक्त वो कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं मांडू के वर्तमान विधायक जेपी पटेल जो 2919 में भाजपा के टिकट पर लड़े थे, इस बार लोकसभा चुनाव के वक्त वे कांग्रेस में शामिल हो गए। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस मजबूत दावेदारी करने की तैयारी में है।

ज्ञात हो कि 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को गठबंधन के तहत मिली 31 सीटों में क्रमशः मांडर, बरही, धनबाद, पाकुड़, बेरमो, जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी, रामगढ़, मनिका, बोकारो, डाल्टनगंज, खिजरी, कांके, पांकी, विश्रामपुर, लोहरदगा सहित कुल 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

### प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

# भाजपा अपने संकल्प को सिद्धि तक ले जाने में सफल होगी : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान व सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा की मौजूदगी में रविवार को बैठक हुई। बैठक के बाद बाबूलाल मरांडी ने बताया कि झारखंड में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। इसके पहले नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ दोनों केंद्रीय नेताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बैठक का संचालन सांसद आदित्य साहू ने और धन्यवाद ज्ञापन अमर बाउरी ने किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शिवराज जी एवं हिमंता विश्व सरमा जी के मार्गदर्शन में भाजपा अपने संकल्प को सिद्धि तक ले जाने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का जनादेश राज्य सरकार के खिलाफ है। मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र में प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सके। ऐसे ही राज्य सरकार के सात मंत्री भी अपने विधानसभा क्षेत्र में पिछड़े हैं।

उन्होंने कहा कि करारी हार के बावजूद इंडी गठबंधन के लोग सत्ता के अहंकार में डूबे हैं। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ने बैठक में आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की चर्चा की। द्वितीय सत्र में कार्यालय में कोर कमिटी की बैठक हुई, जिसमें सांगठनिक कार्यक्रमों के साथ राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की गयी।

बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, दीपक प्रकाश, दिनेशानंद गोस्वामी, समीर उरांव, अभयकांत प्रसाद, पीएन सिंह, यदुनाथ पांडे, रविंद्र राय, नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, भानु प्रताप शाही, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुइस मरांडी, बड़ कुंवर गगराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, गणेश मिश्र, सरोज सिंह, नंद जी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, रविकांत मिश्र, दिलीप वर्मा, मनोज महतो, सीमा पासवान, दीपक बंका थे।

## आलोक दूबे, लाल किशोर और राजेश गुप्ता निलंबन मुक्त



**रांची।** कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने यह उम्मीद जताई है कि पार्टी के उक्त तीनों वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी के विचार-धारा पर पूरी दृढ़ता से कार्य करेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती प्रदान करने में अपनी निष्ठापूर्ण योगदान देंगे।

### विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी रैली करने पर हो रहा है विचार

# सदान इस बार विधानसभा चुनाव में हर सीटों को करेंगे प्रभावित : राजेन्द्र प्रसाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से सदानों के अधिकार और आस्था को लेकर सदानी झण्डा लगाओ अभियान का आयोजन रविवार को खेलगांव में किया गया। सदानी झण्डा को घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में हर सीट को मूलवासी सदान प्रभावित करेंगे। जो भी राजनीतिक दल मूलवासी सदानों के अधिकारों की बात करेगा और राजनीतिक भागीदारी देगी उसी दल को मूलवासी सदान सत्ता की चाबी देंगे। राजनीतिक दल विधानसभा में यदि बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रमुख, मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से 112 प्रखंडों की सभी पंचायत में मूलवासी सदानों को वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा इतना ही नहीं पिछड़ों का राज्य में 55% आबादी होने के बाद भी 14% आरक्षण मिलता है। मूलवासी सदान आयोग का गठन करने, पिछड़ी जातियों का जाति जनगणना कराने ओर सदान से आने वाले सवर्णों का भी सर्वेक्षण कराने, झारखण्ड विधानसभा सभा की सीटों को 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने तथा झारखण्ड में परिसीमन कराने इत्यादि मांगों को लेकर एक बहुत बड़ी रैली रांची में करने पर विचार किया जा रहा है। क्षितिश कुमार राय ने कहा कि झारखण्ड राज्य मूलवासी सदानों के बलिदान से मिला है। कहा झारखण्ड में सदानों की आबादी 65% है लेकिन हम अपने वोट का महत्व को नहीं समझ पाए जिसका लाभ राजनीतिक दल उठा रहे हैं। अब हमें संगठित होकर ही वोट करना है तभी सदानों को अधिकार मिलेगा। प्रवक्ता डॉ सुरेश कुमार साहू ने कहा सदानी झंडा हमारे पहचान और आस्था का प्रतीक है।

## केंद्रीय गृह मंत्री से मिले राज्यपाल

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रविवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में भेंट की। दोनों के बीच की इस मुलाकात को औपचारिक बताया गया है।



### जियाडा ने क्षेत्रवार जारी किया आंकड़ा

# रांची क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में 59.6 प्रतिशत प्लॉट खाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में उद्योगों का विस्तार तेजी से हो रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 22 इंडस्ट्रियल एरिया में एक भी प्लॉट खाली नहीं है। इसमें रामगढ़, झुमरीतिलैया, ओरमांझी चकला, बभनी हजारीबाग, कोडरमा, कोलारी ओरमांझी, सरवाल, तेनसेरा, कुल्ही ओरमांझी, सिकरी हजारीबाग, हुसैनाबाद, कुरडेग, कर्रा, कालामाटी, चंदवारा, पालाग, पालम, चैनपुर, बसिया, मेराल और जलता लातेहार के इंडस्ट्रियल एरिया हैं। बोकारो में जियाडा के सिर्फ आठ फीसदी प्लॉट खाली है। संताल परगना में 11.7 फीसदी और आदित्यपुर में 20.7 फीसदी प्लॉट खाली है। वहीं रांची रीजन में 59.6 फीसदी प्लॉट खाली है।

**झुमरीतिलैया और रामगढ़ में प्लॉट ही नहीं :** जियाडा के तहत आने वाले इंडस्ट्रियल एरिया के रामगढ़, झुमरी तिलैया, बसिया, कसिरा, मेराल, जलता, चकला बभनी, सरवाल, तेनसेरा, कुल्ही, सिकरी, हुसैनाबाद में एक भी प्लॉट खाली नहीं है। तुपुदाना में 23, खूंटी में 13, नामकुम में 4, पतरातू में 22, लोहरदगा में 49, गुमला में 20 और डालटनगंज में 33 प्लॉट खाली है।

### लोकपाल के अभाव में छात्रों की शिकायतों का नहीं हो रहा निवारण

# यूजीसी ने झारखंड के चार सरकारी और एक निजी विश्वविद्यालय को किया डिफॉल्टर घोषित

### लोकपाल की नियुक्ति मामले में यूजीसी ने झारखंड के पांच विश्वविद्यालयों को भेजा नोटिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने झारखंड के पांच सरकारी और एक निजी विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी कर इनसे पूछा है कि अब तक लोकपाल की नियुक्ति क्यों नहीं हुई? सरकारी विश्वविद्यालयों में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय, कोल्हान यूनिवर्सिटी और रांची विश्वविद्यालय शामिल हैं, जिन्हें नोटिस जारी किया गया है। वहीं निजी विश्वविद्यालय में दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय को यूजीसी ने नोटिस जारी किया है। इससे पहले आयोग ने 2023 के यूजीसी नियमों के अनुसार, लोकपाल की नियुक्ति अनिवार्य कर दी थी। 17 जनवरी को उन विश्वविद्यालयों की एक सूची प्रकाशित की गयी थी, जिन्होंने इन नियमों का अनुपालन नहीं किया था। इन विश्वविद्यालयों को उनके गैर-अनुपालन के बारे में आगाह करते हुए लोकपाल नियुक्त करने के लिए कहा गया था।

### नोटिस के बाद डिफॉल्टर की सूची में डाला

यूजीसी ने नोटिस जारी कर वैसे विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी, जिन्होंने छात्रों की शिकायतों का निवारण विनियम 2023 के अनुसार लोकपाल नियुक्त नहीं किया था। इन संस्थानों में लोकपाल नियुक्त करने को कहा गया था। इसके बावजूद जिन उच्च संस्थानों में लोकपाल की नियुक्ति नहीं की गयी, उन्हें डिफॉल्टर की सूची में शामिल कर दिया गया।

### इतने सरकारी विश्वविद्यालय डिफॉल्टर घोषित

यूजीसी के डिफॉल्टर की सूची में 108 सरकारी, दो डीम्ड और 47 निजी विश्वविद्यालय शामिल हैं। इनमें आंध्र प्रदेश से 4 सरकारी विश्वविद्यालय, बिहार से 3, छत्तीसगढ़ से 5, दिल्ली से 1, गुजरात से 4, हरियाणा से 2, जम्मू और कश्मीर से 1, झारखंड से 4, कर्नाटक से 13, केरल से 1, महाराष्ट्र से 7, मणिपुर से 2, मेघालय से 1, ओड़िशा से 11, पंजाब से 2, राजस्थान से 7, सिक्किम से 1, तेलंगाना से 1, तमिलनाडु से 3, उत्तर प्रदेश से 10, उत्तराखंड से 4 और पश्चिम बंगाल से 14 को डिफॉल्टर घोषित किया गया है।

### निजी विश्वविद्यालय घोषित हुए डिफॉल्टर

आंध्र प्रदेश से 2, बिहार से 2, गोवा से 1, गुजरात से 6, हरियाणा से 1, हिमाचल प्रदेश से 1, झारखंड से 1, कर्नाटक से 3, मध्य प्रदेश से 8, महाराष्ट्र से 2 निजी विश्वविद्यालय शामिल हैं। राजस्थान से 7, सिक्किम से 2, तमिलनाडु से 1, त्रिपुरा से 3, यूपी से 4, उत्तराखंड से 2 और दिल्ली से 2 निजी विश्वविद्यालय डिफॉल्टर घोषित किये गये हैं।

# ग्रामीण विकास विभाग ने विधायक निधि के लिए 410 करोड़ किये जारी

### जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 44 विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के लिए 220 करोड़ और अन्य क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत 38 विधानसभा क्षेत्र के लिए 190 करोड़ दिए गये



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास विकास ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विधायक निधि के 410 करोड़ रुपये जारी कर दिया है। इसमें जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 44 विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के लिए 220 करोड़ और अन्य क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत 38 विधानसभा क्षेत्र के लिए 190 करोड़ जारी किये गये हैं। राशि की निकासी संबंधित जिलों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी करेंगे। निकासी की गयी राशि संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार खोले गये बैंक खाता में रखी जायेगी। कार्यकारी एजेंसी, संवेदक और वेंडर को उनके द्वारा समर्पित मापी पुस्त, विपत्र एवं फोटोग्राफ इत्यादि के जांच के बाद ही राशि का भुगतान होगा। ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने इस बात की जानकारी दी है।

**ग्रामीण विकास सचिव ने दिये निर्देश :** आवंटित राशि का व्यय विधायकों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर विधायक योजना की गाइडलाइन के तहत किया जाये। निकासी की गयी राशि का खर्च स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रवृति की टिकाउ परिसंपत्तियों के सृजन पर ही किया जाये। निकासी की गयी राशि के बाद समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि किसी विधानसभा सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिलों में पड़ता है तो उनके द्वारा अनुशंसित योजना की राशि निकासी कर दूसरे जिलों को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

स्पीड न्यूज

### आर वी एस अकादमी में रोबोटिक्स और एआई लैब का उद्घाटन



जमशेदपुर। डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर, झारखंड-22 जून, 2024: आर वी एस अकादमी ने अत्याधुनिक रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन किया। छात्रों के बीच नवाचार और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन समारोह में आर वी एस अकादमी के चेयरमैन बिन्दा सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर रिबन काटकर लैब का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन और संकाय के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें भरत सिंह (सचिव), शत्रुघ्न सिंह (कोषाध्यक्ष), शक्ति सिंह, सौरभ सिंह, शिप्रा सिंह, राजेश कुमार तिवारी, विक्रम शर्मा, वीशा मोहिंद्रा और अनीता तिवारी शामिल थे। शिक्षक और छात्र भी समारोह में शामिल हुए, जो अकादमी की मजबूत सामुदायिक भावना को दर्शाता है। आर वी एस अकादमी में रोबोटिक्स लैब को आईसीएसई पाठ्यक्रम की कठोर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो पायथन आईडीई, आर्डिनो आईडीई और टिंकरसीएडी जैसे उन्नत सफ्टवेयर टूल से लैस है। ये उपकरण छात्रों को त्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स के क्षेत्र में गहराई से जाने में सक्षम बनाएंगे, जिससे उन्हें इन अत्याधुनिक क्षेत्रों में एक ठोस आधार मिलेगा।

### माझी पारगाना महाल ने राजेश मार्डी को सम्मानित किया



घाटशिला। माझी पारगाना महाल धाड़ दिशोम पूर्वी सिंहभूम के दो दिवसीय 14वां महासम्मेलन महाल बाखुल, पावड़ा घाटशिला में आयोजित किया गया। इस महासम्मेलन में जमशेदपुर के सारजमदा निवासी ट्राईबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेश मार्डी को रक्तदान के क्षेत्र में उत्ष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। देश पारगाना बाबा बैजू मुर्मू ने उन्हें अंग वस्त्र और माझी पारगाना महाल का सुंदर सा मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। 74 बार रक्तदान कर चुके राजेश मार्डी कोल्हान प्रमंडल के पहले आदिवासी युवा रक्तदाता हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर सारजमदा निदिरटोला के मारांग माझी बाबा निमाई बास्के, माझी आयो लक्ष्मी हांसदा और 32 बार रक्तदान कर चुके गम्हरिया के सालमपाथर निवासी सीताराम हेम्ब्रम भी उपस्थित थे। सम्मान पाकर राजेश मार्डी ने माझी पारगाना महाल धाड़ दिशोम का शुक्रिया अदा किया और कहा कि वह अपने इस काम को और भी बेहतर तरीके से और जिम्मेदारी के साथ पूरा करेंगे। जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी सहित वीवीडीए, झारखंड के सभी साथियों ने राजेश मार्डी को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### गम्हरिया : डिग्री कॉलेज के लिए आयोजित ग्राम सभा में हंगामा, मारपीट



गम्हरिया। गम्हरिया प्रखंड के बुरुडीह में प्रस्तावित डिग्री कलेज को लेकर आयोजित ग्राम सभा के दौरान दो गुटों में बंटे ग्रामीणों के बीच जमकर बवाल हुआ। बवाल इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। काफी देर बाद दोनों पक्षों के ग्रामीणों को किसी प्रकार समझा बुझाकर मामला शांत कराया जा सका। इस हंगामा के कारण ग्राम सभा मे कोई निर्णय लिया जा सका। विदित है कि उंक्तगांव में डिग्री कलेज खोलने को लेकर वहां के ग्रामीण दो गुटों में बंटे हैं। एक गट जहां कलेज खोलने के पक्ष में हैं तो दूसरा गट इसके विरोध में हैं। इस कारण प्रखंड प्रशासन की ओर से रविवार को ग्राम सभा बुलाई गई थी। गौरतलब है कि झारखंड गठन के करीब 23 साल बाद मुख्यमंत्री बनते ही चंपई सोरेन ने क्षेत्र के युवाओं को डिग्री कलेज की सौगात दी है। किन्तु, यहां के कुछ ग्रामीण इसके विरोध में उतर गए हैं। उंक्तप्रस्तावित डिग्री कलेज के लिए सरकार ने बुरुडीह पंचायत में अनाबाद झारखंड सरकार के करीब 1520 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने की स्वीति दी है। इसके प्रथम चरण में करीब 5 एकड़ जमीन का सीमांकन कार्य शुरू किया गया।

# टीम अर्पण के रेडक्रॉस भवन में लगे शिविर में रिकार्ड 1208 यूनिट रक्तदान

## अर्पण परिवार कर रहा बेहतर कार्य, ईश्वर नौजवानों को और शक्ति दे : सरयू राय

## टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष टुन्नू चौधरी ने अपर्ण के प्रयास को मुक्त कंठ से सराहा

**संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि दूसरों की जान बचाना मानव जाति की सेवा करना अर्पण का सर्वप्रथम लक्ष्य है**



रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते काले और टाटा मोटर्स यूनियन के महासचिव आरके सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अर्पण परिवार द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष साकची, रेड क्रस भवन में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया। प्रचंड गर्मी में भी अर्पण परिवार द्वारा 1208 युनीट रक्त संग्रह किया गया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक सरयू राय, टाटा वर्कर यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, टाटा मोटर्स अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, टाटा मोटर्स महासचिव आरके सिंह, इंटक नेता राकेशेश्वर पांडे, बीजेपी प्रदेश के नेता शैलेंद्र सिंह, बिनोद सिंह , कांग्रेस के अशोक चौधरी, अजय सिंह, इंटक नेता रघुनाथ पांडेय, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के भगवान सिंह, शैलेंद्र सिंह, पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह एवं अन्य गणमान्य उपस्थित हुए।

इस मौके पर संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि दूसरों की जान बचाना मानव जाति की सेवा करना अर्पण का सर्वप्रथम लक्ष्य है। रक्तदाताओं को एकत्रित कर रक्त का पर्याप्त स्टक रखने के लिए अर्पण परिवार संकल्पित है , यह हमारा कर्तव्य है कि हम हर समय मरीजों की आवश्यकताओं को पूरा करें और ब्लड बैंकों में ताजे रक्त की नियमित आपूर्ति बनाए रखें। उन्होंने आगे कहा मानवीय कार्यों के सभी रूपों को प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना और शुरू करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए ताकि आने वाले समय में मानव पीड़ा को कम किया जा सके।

उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में एक नियमित रक्तदाता के रूप में कई बार रक्तदान किया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय ने बताया कि रक्तदान से लोगों की जान बचती है, चलिए हम रक्तदान के लिए जागरूकता बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि जरूरतमंदों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रक्त समय पर और किफायती दर पर मिले। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष टून्नु चौधरी ने कहा कि स्वैच्छिक संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त स्टक बनाने हेतु उन्हें आगे आना चाहिए और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना चाहिए।

उन्होंने अर्पण परिवार के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना भी की और भविष्य में हर संभव सहयोग का वायदा किया। इसके अलावा राकेश्वर पाण्डे, शैलेंद्र सिंह, अजय सिंह, गुरमीत सिंह तोते, आरके सिंह, रघुनाथ पांडेय, डॉ राकेश राजपूत, डॉ अमिताभ, डॉ राकेश, भगवान सिंह, सैलेंद्र सिंह, सुरेश सोन्थलिया, विजय आनंद मूनका, संजीव श्रीवास्तव, राजीव रंजन, संजीव कुमार, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, हरेंद्र सिंह, मंजु सिंह, नीरू सिंह ने भी संबोधित किया।

## सीएम ने बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने को लेकर अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

# बुरुडीह डैम बनेगा पर्यटन स्थल किसानों को मिलेगा पानी : चंपई सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो



बुरुडीह पहुंचने पर यूं हुआ सीएम चंपई सोरेन और स्थानीय विधायक रामदास सोरेन का स्वागत।

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अवलोकन के क्रम में बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से एक बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं यही कारण है कि हमारी सरकार राज्य में चिन्हित कई धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, डैम, फल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है।

**बुरुडीह डैम का पानी आस-पास के किसान वर्ग को उपलब्ध कराएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से मैं जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरुडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं, इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मेरे मन में था। इस डैम का पानी बुरुडीह आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को मिले इसी उद्देश्य से हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर सेक्टर में विकास की एक लम्बी लकीर खींचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**पर्यटन को बढ़ावा देने वाले सभी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम का सौंदर्यीकरण कार्य सहित राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन के सभी जरूरी व्यवस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित यह राज्य सरकार का लक्ष्य है। यहां गेस्ट हाउस, खेल मैदान, पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से लोग इस पर्यटन स्थल में आकर यहां की खूबसूरती का आनंद ले सकें, इस निमित्त डैम को कनेक्ट करने वाला सड़क सहित बिजली, पानी और पर्यटकों के ठहरने की पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। बुरुडीह डैम को विकसित कर घाटशिला क्षेत्र को एक नई पहचान देनी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया तथा पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर वृक्ष को संरक्षित करने का संदेश भी दिया।

### मुख्यमंत्री ने डैम में किये जाने वाले कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली

मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान अधिकारियों से राज्य सरकार द्वारा बुरुडीह डैम में किए जाने वाले कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग, वन विभाग और पूर्वी सिंहभूम जिला के अधिकारियों को बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर बुरुडीह डैम के विकास कार्य को निश्चित समय सीमा के अंतर्गत मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर किशोर कौशल सहित संबंधित विभाग के वरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### घाटशिला में सीएम ने दी 2141 विकास योजनाओं की सौगात

झारखंड को संवारना है। इस राज्य को नई दिशा देना है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे। कई योजनाओं का मिला तोहफा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 79 लाख 99 हजार 980 रुपए की 2141 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। इसमें 14 करोड़ 88 लाख 44 हजार 580 रुपए की 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ 91 लाख 55 हजार 400 रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन पट्टा वितरण योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के 20, 484 लाभुकों के बीच 71 करोड़ 63 लाख 4 हजार 200 रुपए की परिसम्पत्तियों का वितरण किया। इस कार्यक्रम में विधायक रामदास सोरेन, विधायक समीर मोहंती, विधायक संजीव सरदार, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, झारखंड गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरि, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केशरी तथा जिले के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की अंग सैन्य मातृसक्ति ने मनाया शौर्य दिवस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वह समय भी आयेगा, जब हर लडकी में झांसी की रानी जीवित होगी, हर लड़की लक्ष्मीबाई होगी। उपर्युक्त बात बी डी एस एल की विभागाध्यक्ष पुष्कर बाला एवं मल्टीमीडिया पत्रकार अंतर बोस ने कही,वे रविवार की शाम सिद्गोड़ा स्थित सभागार में सैन्य मातृसक्ति द्वारा आयोजित शौर्य दिवस सह मातृसक्ति सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी। यह आयोजन वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में शहर की मातृशक्ति और तरुणाई को बीच प्रखर जागरण के लिए किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि,सम्मानित सदस्य एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश प्रतिनिधिगण राजेश पांडे एवं सिद्धनाथ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलं कर हुआ। मौके पर लौहनगरी के सभी देशभक्त हिंदुस्तान मित्र मंडल सभागार में एकत्रित हो, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी हुकूमत के चूल्हे हिला देने वाली महान वीरांगना नारी शक्ति की प्रतीक महारानी लक्ष्मीबाई को नमन करने हेतु एकत्रित हुए। शॉल, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो के साथ मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

### डॉ अभिषेक चाइल्ड केयर एंड मेटरनिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन



अस्पताल का उद्घाटन करती पुष्पा सिंह और चंद्रा सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** डॉ अभिषक कुमार और डॉ ज्योति सिंह द्वारा प्रवर्तित डॉ अभिषेक चाइल्ड केयर एंड मेटरनिटी हॉस्पिटल के नये अत्याधुनिक यूनिट का उद्घाटन काशीडीह में डॉ अभिषेक की माता पुष्पा सिंह और सास चंद्रा सिंह ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर हरेराम सिंह, केएसपी सिंह, हरीश सिंह, कंचन कुमार और झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी विशेष रुप से उपस्थित थे।

इसके साथ ही 75 बेड वाला यह अस्पताल रविवार से विधिवत चालू हो गया।



### भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रुप में मनाया


खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रखर राष्ट्रवादी ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 71वीं पुण्यतिथि को भाजपा जमशेदपुर महानगर ने जिला एवं मंडल स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। रविवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत वरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्षगण, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ड मुखर्जी के बलिदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे', 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है' एवं 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व विधायक मेनका सरदार ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरुष का बलिदान दिवस मना रहे हैं, जिन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने की प्रेरणा का बीजारोपण किया था। जम्मू-कश्मीर को एक करने के लिए ड.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सात दशक पहले जो सपना देखा था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र -एक संविधान बनाकर ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा-एनडीए की सरकार ड.मुखर्जी की सोच के अनुरूप कार्य कर रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे मायनों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। ड. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन यात्रा का परिचय देते हुए कहा कि उनमें देश की समस्याओं से जूझने की असीम इच्छाशक्ति थी। ड. मुखर्जी कभी किसी पद के मोहताज नहीं रहे, बल्कि देश सेवा ही उनका परम लक्ष्य था। हम सभी को उनके जीवन आदर्शों एवं कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देश हित होता है। कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरुआत ड मुखर्जी ने ही की थी। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके बताए रास्ते पर चलकर माँ भारती को परम् वैभव तक ले जाने को तसंकल्पित है।

## एक नजर में

### फन वर्ल्ड डिजनीलैंड के समापन 14 जुलाई को



जमशेदपुर। आमबगान मैदान, साकची, जमशेदपुर स्थित फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में काफी भीड़ उमड़ रही है और अब इसके समापन में कुछ ही दिन शेष रह गये हैं अर्थात् अब इसका समापन की अंतिम तिथि 14 जुलाई तक के लिए ही है। ज्ञात रहे कि फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन आदि लगाया गया है। इसके अतिरिक्तमेले में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक रंगों एवं डिजाईनों में उपलब्ध होंगे जिसकी गुणवत्ता काफी अच्छी एवं कीमत काफी प्रतिस्पर्द्धात्मक है। बहुप्रतिक्षित वाटर फिश टनल का शुभारम्भ होते ही काफी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। इसमें लगभग 400 प्रकार की काफी मंहगी मछलियाँ हैं जैसे फ्रेश वाटर डलफिन, इम्पोटेड अस्कर फिश, एलिगेटर गार फिश, वाइट ब्लैक शार्क, गोला फिश, औरेंडा फिश, रैम्बो फिश, क्रोकोडाईल फिश सहित अनेकों प्रकार की रंग-बिरंगे मछलियां मंगायी गयी है। जो काफी दर्शनीय है।

### डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल में शतरंज का आयोजन



जमशेदपुर। डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल में विद्यालय के सभागार 'कलाति 'में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग के द्वारा किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर-गुरप्रीत भामरा ने किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी हाउस (रूबी, टोपाज, एमेरल्ड तथा सफायर )के 56 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। सीनियर एवं जूनियर दो कैटेगरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई राउंड के बाद फाइनल राउंड खेला गया। सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सफायर हाउस के प्रवीर कश्यप, द्वितीय पुरस्कार एमेरल्ड हाउस के सूरज किरण और तृतीय पुरस्कार रूबी हाउस के केतन कुमार को मिला। जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सफायर हाउस के वी कार्तिक, द्वितीय पुरस्कार टोपाज हाउस के वेदांश सिंहा और तृतीय पुरस्कार सफायर हाउस के अनंत अग्रवाल को मिला। प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखने योग्य था। प्रतियोगिता के समाप्त होने पर पुरस्कार वितरण भी किया गया जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव अनीता रामकृष्णा उपस्थित थी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यगण, उपप्रधानाचार्या सुपर्णा रय एवं एस शीरीन, खेल विभाग की विभागाध्यक्षा सुप्रभा पंडा तथा अन्य खेल शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### समस्याओं के निदान के प्रति महिलाओं को जागरूक किया



जमशेदपुर। संयुक्त मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो एवं सेंट जन एम्बुलेंस झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को हरहरगुड्डू सामुदायिक भवन में मानवाधिकार प्रशिक्षण शिविर एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ब्यूरो के संतोष गोस्वामी व गौरी शंकर अमर के सफल प्रयाग से आयोजित किया गया। ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सेंट जन एंबुलेंस के संरक्षक राज सिंह के द्वारा की गयी अध्यक्षता में ब्यूरो के शशांक कुणाल ने उपस्थित प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं एवं पुरुषों को मानवाधिकार के अधिकारों एवं कर्तव्य के प्रति ध्यान आकृष्ट किया और आपदाओं के समाधान के प्रति हमारी जिम्मेवारियों के प्रति भी बताया। वहीं सेंट जन एंबुलेंस के नोडल अफिसर एन बी चटर्जी एवं राजेंद्र दास ने घरेलू समस्याओं सहित आकस्मिक दुर्घटनाओं के समय हमें प्राथमिक उपचार में क्या-क्या करने की जरूरत है। इस पर प्रकाश डालते हुए उससे निपटने का मूल मंत्र दिया वहीं सांप बिच्छू काटने पर हमें तत्काल क्या करना चाहिए ताकि समय रहते चिकित्सा केंद्र तक पहुंच कर जान बचाई जा सके इस पर भी उन्होंने गंभीरतापुर पूर्वक समझाया। आज के प्रशिक्षण शिविर में हरहर गुड्डू क्षेत्र के मुखिया मीना देवी जी, उप मुखिया सीमा सिंह जी, आशा जायसवाल, संजू देवी, कंचन देवी, गीता सरदार, सुमि सांय एवं अन्य उपस्थित हुए। वही ब्यूरो के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, शशांक कुणाल, श्रीकांत देव, कौशल सिंह, मनीष शर्मा, योगेश लाल, हीरक घोष, शिवनारायण, गौरी शंकर अमर, शुभम श्रीवास्तव सहित और भी कई सदस्य शामिल हुए।

### सेंट जोंस हाई स्कूल में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न



जमशेदपुर। बच्चे देश के भावी कर्णधार होते हैं, और बच्चों, से ही समाज बनता हैं, यही भावना लिए जुगसलाई सेंट जन्स हाई स्कूल की ओर से हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं से दसवीं के छात्राओं भाग लिया। इस वाद विवाद प्रतियोगिता मुख्य विषय हिन्दी हमारी राष्ट्रीय भाषा होनी चाहिए या नहीं था। इस वाद विवाद का उद्देश्य छात्रो में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि लाना था और छात्रो में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता का संचालन शिक्षिका अनुपमा द्वारा किया गया।

### कटे होंठ एवं तालु वाले पांच बच्चों का दुर्गापुर के ऑपरेशन स्माइल में निशुल्क सर्जरी



जमशेदपुर। प्रिवेंशन अफ क्रुएलिटी एनिमल्स एंड प्लांट्स, आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल, इंगा हेल्थ फाउंडेशन एवम अपरेशन स्माइल के प्रयास से पिछले दिनों कटे होंठ और तालु विति वाले बच्चों एवं बड़ों का एक चिकित्सा कैंप का आयोजन उर्मिला भवन सोनारी कबीर मंदिर के पास में किया गया था। उसे कैंप में लगभग 9 रोगी ही चिन्हित हो पाए थे जिसमें केवल पांच बच्चे ही जा पाए थे। प्रत्येक मरीज के साथ दो परिवार वाले थे उन लोगों को दुर्गापुर आईक्यू सिटी नारायण मल्टीस्पेशलिटी पश्चिम बंगाल के द फ्यूचर अफ स्माइल मिशन अस्पताल ले जाया गया। चारों बच्चों का निशुल्क सर्जरी किया गया। दुर्गापुर में एक अंतर्राष्ट्रीय कटे होंठ और तालु सर्जरी मिशन 'द फ्यूचर अफ स्माइल मिशन' की कटे होंठ और तालु विति वाले लोगों का अस्पताल है बचे पांच मरीजों को 20 जून को दुर्गापुर हस्पिटल सर्जरी के लिए ले जाया जाएगा। 14 जुलाई रविवार को आनंद मार्ग जागृति गदरा, शिव मंदिर के पास 9:00 से 1:00 तक एवं दोपहर 2:00 बजे से 5:00 तक उर्मिला भवन, सोनारी कबीर मंदिर के पास एवं सोनारी गुरुद्वारा के बगल आनंद मार्ग धर्म चक्र यूनिट में प्रिवेंशन अफ क्रेबिलिटी एनिमल्स एंड प्लांट्स, अपरेशन स्माइल, इंगा हेल्थ फाऊंडेशन एवं आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रयास से जन्मजात ओठ कटा तालुकटा रोगी के लिए नि : शुल्क अपरेशन हेतु जांच शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक किया गया है।

## सूर्य मंदिर में विश्व संगीत दिवस पर भजन संध्या आयोजित

**बोकारो।** नगर के सेक्टर 4 एफ स्थित सूर्य मंदिर में आयोजित भजन संध्या में वरिष्ठ संगीतज्ञ श्याम कुमार रमेन्द्र नारायण दुबे ए पंडित अरुण पाठक व सुनीता श्रीवास्तव ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण में भक्ति रस का संचार कर दिया। गायिका सुनीता श्रीवास्तव ने भजमन राम चरण सुखदाई... अरुण पाठक ने राधिके तूने बंसरी चुराई... सहित अन्य गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर भास्कर सेवक समिति के सीबी मिश्र पुजारी निशांत कुमार मिश्र शंकर पांडेय बिपिन बिहारी श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# अत्याचार दुष्कर्म व हत्या को लेकर शाहिद चौक पर कैंडल मार्च निकाला गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे के नेतृत्व में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार दुष्कर्म वह हत्या को लेकर शाहिद चौक पर कैंडल मार्च निकाला गया। चतुरानंद पांडे ने कहा कि साहिबगंज सहित झारखंड में महिलाओं का अपराधी दुष्कर्म कर निर्मम हत्या कर दे रहे हैं और राज्य की चंपई सोरेन की सरकार मां मौन धारण किए हुए हैं। उनके प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। अभी महज दो-तीन दिन के भीतर ही एक नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर देना



एवं एक 35 वर्ष महिला की दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर देना यह एक जिला के लिए सर्वनाम घटना है। इस तरह के मामले से साहिबगंज जिला का नाम पूरे राज्य में बदनाम हो चुका है और सरकार अपराधियों को सजा दिलाने में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। पुलिस की टूटी फूटी अनुसंधान के कारण अपराधी जेल से मुक्त हो जाते हैं और फिर घटना को अंजाम देने में लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन की सरकार में निश्चित रूप से झारखंड की बच्चे बच्चियां सुरक्षित नहीं है। मौके पर रामप्रवेश यादव, अमित तिवारी, अभिषेक यादव ,राजेश यादव, मणिकांत मिश्र,निवास शाह,विभास शाह विकास शाह, शाशिकांत सहित अन्य सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## कौशल विकास केंद्र चास में छात्रों ने कागज पर उकेरा संदेश

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर नशा मुक्त समाज के निर्माण एवं युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने को लेकर जारी अभियान के तहत जिले में कई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में चास प्रखंड के तालगेरिया स्थित कौशल विकास केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं के बीच चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले नुकसान से जागरूक करना और स्वयं ऐसा नहीं करना एवं दूसरों को भी ऐसा नहीं करने को लेकर प्रेरित करने की सीख देना है। इस कार्यक्रम में छात्रों ने काफी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## एक नजर में

### ट्रक ऑनर एसोसिएशन श्रावणी मेला में नि:शुल्क सेवा शिविर लगाने को किया बैठक

**दुमका।** आगामी 22 जुलाई से बासुकीनाथ धाम में लगने वाली श्रावणी मेला को लेकर जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं संपूर्ण दुमका जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक पुसारों में रविवार को हुई। बैठक में दोनों संगठन के प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि श्रावणी मेला में दुमका के पुसारो में निःशुल्क कैंप लगाया जायेगा। जिसमें भक्तों के लिए निःशुल्क भोजन, चाय, दवा, ठहरने की व्यवस्था होगी। बैठक में संगठन के मनोज कुमार साह, बिजेंद्र सिंह, विकास वर्मा, पिंटू सिंह, संजीत सिंह, रवि यादव, असलम परवेज, विजय जायसवाल, दिनेश भगत, आनंद भगत, गौरव डालसन आदि मौजूद थे।

### घरेलू विवाद में महिला ने खाई जहर

**साहिबगंज।** साहिबगंज के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलवा दियारा निवासी एक महिला मोनिता देवी 25 वर्षीय ने घरेलू विवाद के कारण चूहा मारने की दवा खा ली। हालत बिगड़ता देख सास व गांव के ही सहीया ने मिलकर सदर अस्पताल लाया जहां उसका इलाज डॉक्टर केशव कृष्णा ने किया बता दे की मोनिता देवी की सास ने बताई की ?500 की बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया जिससे की उसकी बहू ने गुस्से में आकर चूहा मारने की दवा खा ली। वही मोनिता देवी ने बताई की उनके पति का किसी और महिला के साथ बातचीत होता है मना करने पर झगड़ा करता है जिससे तंग आकर जहर खा लिया मोनिका देवी के तीन बच्चे हैं। इन दोनों लगातार घरेलू विवाद व हिंसा में इस तरह का मामला सामने आ रहा है।

### मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो/फुसरो।** नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में नगर परिषद फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुम्भकार के दिशा निर्देश पर मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस जागरूकता कार्यक्रम हेतु स्वयं सहायता समूह के महिलाओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर फुसरो नगर परिषद में किया गया। सिटी मिशन मैनेजर सुजीत कुमार त्रिवेदी ने कहा कि फुसरो क्षेत्रांतर्गत चलाए जा रहे नशा मादक द्रव्यों के दुरूपयोग को रोकने हेतु स्वंय सहायता समुह की महिलाओं के द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान में उनके परिवार के सदस्यों को इसके दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक किया गया एवं नशा नहीं करने की शपथ ली गई। कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फुसरो नगर परिषद में सभी लोगो को मादक द्रव्यों के दुरूपयोग एवं इसके उपयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी देना है तथा एक नशा मुक्त समाज की स्थापना करना है।

### 14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो की टीम गठित

**बोकारो।** झारखंड स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से आगामी 29 जून को जमशेदपुर में आयोजित 14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता को लेकर बोकारो जिले की टीम रविवार को गठित कर ली गई। सेक्टर 4 स्थित डीपीएस बोकारो के स्वीमिंग पूल में एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित सेलेक्शन ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं अन्य जगहों से 50 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें से 13 का चयन तैराकी की विभिन्न स्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष व डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार के अनुसार चयन प्रक्रिया के तहत बालक वर्ग में सात एवं बालिकाओं के वर्ग में छह तैराकों का चयन किया गया। इनमें आदित्य सिंह ईशान आलोक अरण्या रोहन वरुणादित्य रॉय अंकित बासु प्रज्ञान कुमार आनंद राज देवनाथ अनुभूति झा प्रियाश्री दुबे अनुष्का यशी सुप्रिया सिंह गुरलीन तथा अदित्रि चौहान के नाम शामिल हैं।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अनिल ओझा ने मठतल्ला गांव वाले के साथ किया बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** रविवार को शाम 4 बजे अपराह्न को कॉग्रेस की एक कार्यक्रम गाँव की जनता और समस्या तथा समाधान के तहत राजमहल प्रखंड के गुनिहारी पंचायत अंतर्गत मठतल्ला गांव में वार्ड सदस्य अर्जुन महतो के अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अनिल ओझा उपस्थित हुए। गांव के लोगों की बारी-बारी से उनकी जन समस्या सुनी गई तथा उनके समाधान हेतु यथासंभव दूर करने का प्रयास भी किया गया` कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए कॉग्रेस संगठन को मजबूत करने हेतु पंचायत कमिटी विस्तार किया गया तथा बुथ कमिटी का भी निर्माण किया गया झारखंड सरकार के द्वारा सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई ` कॉग्रेस के कार्यकताओं को समाज और जनहित में आगे आकर गरीब और जरूरतमंद लोगों तक सभी सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करने की अपील तथा आग्रह किया गया` उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से राजमहल विधान सभा में कॉग्रेस

## मयूरकोला बूथ संख्या 151 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि सभी सदस्यों ने किया

**बरहरवा।** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के मयूरकोला गांव में बूथ संख्या 151 के सभी सदस्यों ने बीते दिन दिनांक 23.06.2024 दिन रविवार को अध्यक्ष अनुप लाल रजक के नेतृत्व मे भारतीय जनसंघ के संस्थापक व भारत के प्रथम उद्योग और आपूर्ति मंत्री रहे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि एवं सादर नमन किया गया। मौके पर राजकुमार साह बिनोद साह अमर घोष आकाश भंडारी रोहित साह हीरालाल साह कुंदन घोष मनोज रजक पंकज रजक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बलिदान दिवस पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया याद

**दुमका।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकत्राओं ने दुमका नगर कार्यालय में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा आहूत किया। श्रद्धांजलि सभा नगर महामंत्री सुरज केशरी और दीपक कुमार सिंह की अगुवाई में आयोजित हुई। श्रद्धांजलि सभा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदानों को याद करते हुए नमन किया।

# कसमार में हो-हंगामे के बीच ग्राम सभा से योजना हुई पारित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे गांव सुरजुडीह कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण को लेकर कसमार पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में लाभुक समिति का चुनाव कर लिया गया। हो हंगामे के बीच कसमार बीडीओ अनिल कुमार की उपस्थिति में ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सूरज डीह कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण में लाभुक समिति का चुनाव करके जल्द से जल्द काम शुरू किया जाए ताकि ससमय योजना पूर्ण हो जाएं। इस दौरान ग्राम सभा में काफी संख्या में लोग जुटे और लाभुक समिति का चयन किया गया। सर्वसम्मति से लाभुक समिति में अध्यक्ष के लिए मोहम्मद इनामुल हक सचिव के लिए रसीद अंसारी व कोषाध्यक्ष में फारुक अंसारी का चयन किया गया। जबकि निगरानी समिति में मोहम्मद फारूक अंसारी तौफीक अंसारी दिलजान अंसारी मोहम्मद कादिर अंसारी व समीम अंसारी का चयन किया गया। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए बीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि उपायुक्त के दिशा निर्देश पर सूरज डीह कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण योजना को लेकर ग्राम सभा आयोजित करके प्रस्ताव पारित किया गया। पहले दिन स्थानीय लोगों ने ग्राम सभा में गलत तरीके से चुनाव कराने की शिकायत के बाद दूसरे दिन प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभुक समिति का चयन किया गया।

# पेंशन/दिव्यांगता शिविर में 503 लोग हुए शामिल

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अलग अलग प्रखंडों में पेंशन/दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चास में आयोजित पेंशन/दिव्यांगता शिविर में ग्रामीण आमजनों ने पेंशन से संबंधित समस्याओं को रखा। वहीं दिव्यांगजनों ने अपनी दिव्यांगता की जांच कराई। शिविर में कुल 111 दिव्यांगजनों ने जांच कराया जिसमें 40 फीसदी से ज्यादा दिव्यांगता वाले 50 दिव्यांगजन को चिन्हित किया गया। 18 लोगों ने आयुष्मान कार्ड सिकल सेल एनीमिया जांच 79 लोगों ने आभा कार्ड निर्माण 45 लोगों ने फाइलेरिया जांच 20 लोगों ने हाइपरटेंशन एवं ब्लड शुगर की जांच 105 लोगों ने करवाया। परिवार नियोजन से संबंधित 75 लोगों के बीच सामग्री वितरित की गई एवं जनरल ओपीडी में 50 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाया।

## छात्र समन्वय समिति ने छात्रों के बीच आयोजित की क्वीज प्रतियोगिता

**दुमका।** हूल दिवस को लेकर संताली लाहान्ती बाईसी सह छात्र-समन्वय समिति की ओर से संताल परगना प्रमंडल के दुमका, पाकुड़ और बरहरवा के छात्रों के बीच क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। प्रतियोगिता हूल दिवस 30 जून को लेकर किया गया। प्रतियोगिता आयोजन का मुख्य उद्देश्य गरीब आदिवासी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता के माध्यम से पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। जिससे भविष्य में आदिवासी एवं गरीब समाज का उत्थान हो सके और सपनों का झारखंड बनाया जा सके। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में समन्वय समिति सदस्यों में जोसेफ बास्की, श्यामदेव हेम्ब्रम, ठाकुर हांसदा, सुलीश सोरेन, उपेन्द्र मरांडी, एमानुएल हेम्ब्रम, राजेन्द्र मुर्मू, बिमल टुडू, राम सोरेन, अनिल बास्की, भीमसेन्ट सोरेन, सिमन्त हेम्ब्रम, जितेश टुडू, सुरेश मुर्मू, जियानधन हेम्ब्रम, विलसन हेम्ब्रम, सुशान्तो सोरेन आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा साहिबगंज जिले के सभी शक्ति केंद्र एवं बुथ में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री उज्जवल मंडल जी ने राजमहल नगर मंडल के नया बाजार शक्ति केंद्र एवं नीलकोटी शक्ति केंद्र में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल्य चित्र में पुष्प अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया उन्होंने बताया श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झंडा और अलग संविधान था उनका कहना था एक देश में एक विधान एक निशान और एक प्रधान होना चाहिए और जिस उद्देश्य से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने जिस उद्देश्य से जनसंघ का स्थापना किया गया था आज देश यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने अनुच्छेद 370 धारा एवं 35 अ को हटाकर यह साबित कर दिया कि भाजपा जो कहती है वह करती है। इस कार्यक्रम में राजमहल नगर अध्यक्ष अजय चौधरी, भारत चौधरी, विशु सूत्रधर, अर्जुन प्रमाणिक जी, सुजीत साहा,बब्बन साहा, अरविंद मिश्रा, संजय प्रमाणिक, नवीन दास जयंत साहा,चांद ज्यादा वेतन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता बंधु उपस्थित थे।

# आपसी सुलह समझौता से छह पारिवारिक वादों का निपटारा



बैठक करते कोशांग सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** महिला थाना परिसर में रविवार को महिला कोषांग की बैठक में सुनवाई कर छह वादों का आपसी सुलह-समझौता के आधार पर निपटारा हुआ। कोषांग की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने की। कोषांग सदस्यों ने जिले के सरैयाहाट निवासी खुशबु खातून एवं बिहार के जमुई जिले के पति ओसिम अंसारी के बीच सुलह कराया। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेलियाचक निवासी कांति देवी एवं पति अनुप दास के बीच समझौता कराया। जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के तीतमो गांव निवासी रोली देवी एवं पति कमलेश साह के परिवार के बीच समझौता हुआ। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के केंदपानी गांव निवासी प्रेमलता कुमारी एवं पति अमित कुमार महतो के बीच आपसी सुलह-समझौता कराया। जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सिमलजोड़ गांव निवासी शांति हेम्ब्रम एवं थाना क्षेत्र के ही दिगलपहाड़ी का रहने वाला पति साहेब मुर्मू के परिवार में सुलह कराया गया। जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र के महुबागड़ी की रहने वाली सुलेखा देवी एवं गढ़वा जिले के रांका थाना क्षेत्र के दुधवल गांव निवासी श्रमबहादुर कोरवा के बीच कोषांग सदस्यों ने आपसी सुलह-समझौता से वादों का निपटारा कराया। एक अन्य मामले में एक पक्ष के अनुपस्थिति के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इस अवसर पर एसडीपीओ, सदर विजय कुमार महतो, समाजसेवी डॉ मनोज घोष, डॉ अंजुला मुर्मू, अधिवक्ता वीणा सिंह, किरण तिवारी, डॉ कुमार प्रभात, मेडिकल ऑफिसर डॉ बबिता कुमारी अग्रवाल एवं सेवानिवृत शिक्षिका मेरी नीला मरांडी उर्फ नीलू दी उपस्थित रही।

### डीपीएस चास में 43 स्कूलों के टॉपर्स 129 उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान समारोह संपन्न

**बोकारो।** डीपीएस चास में सीबीएसई 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के विभिन्न 43 स्कूलों के टॉपर्स 129 उत्कृष्ट छात्रों की उपलब्धियों हेतु उन्हें सम्मानित करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो के वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार एवं सम्मानित अतिथियों में डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के अध्यक्ष सह डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार उपाध्यक्ष सह जीजीपीएस बोकारो के प्रधानाचार्य सोमेन चक्रवर्ती महासचिव सह एआरएस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विश्वजीत पात्रा एवं एमजीएम के प्रधानाचार्य डॉ जोशी वर्गीज के अलावा अन्य स्कूलों के प्रधानाचार्य तथा शिक्षक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि तथा सम्मानित अतिथियों ने सीबीएसई बोर्ड 2024 के स्कूल टॉपर छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति जुनून हो तो निश्चय ही कामयाबी हमारे कदम चूमेगी। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को खुद को केंद्रित रखने और दृढ़ संकल्प तथा कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। डॉ गंगवार ने छात्रों को कहा कि एक अच्छा इंसान ही अच्छा विद्यार्थी और अच्छा नागरिक बन सकता है। चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने सम्मानित विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन छात्रा तनुश्री हांसदा वंशिका राउत तृषा साहु सुदीप दत्ता तथा सृष्टि ने एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वजीत पात्रा ने किया।

### हिसीम में हरिकिर्तन का राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के हिसिम पंचायत में तीन दिवसीय हरिकिर्तन का शुभारंभ किया गया। हरिकिर्तन अनुष्ठान के पश्चात राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो व स्थानीय मुखिया बबिता देवी ने फीता काटकर कीर्तन का शुभारंभ किया। कीर्तन मंडली एवं श्रद्धालुओं के साथ हरि का नाम भजते हुए मंदिर की परिक्रमा की। उन्होंने मत्था टेक गांव क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग योगेन्द्र प्रसाद महतो ने कहा कि पूर्वजों से चली आ रही परम्परा को आज के युवा वर्ग भी निरंतर जारी रखे हुए हैं यह खुशी की बात है। बारिश और रोपनी से पहले हरिकीर्तन कर फसल की अच्छी उपज की कामना करते हैं। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम आनंद महतो लालू महतो राजेश टुड्डू कुलदीप कुरमाली आदि मौजूद थे।

### मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर सीओ ने की बैठक

**बोकारो/कसमार।** मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर कसमार प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ उपस्थित हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची तैयार करने का शेड्यूल बताया गया। अंचलाधिकारी ने सभी बीएलओ को शेड्यूल के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त 2024 को होगा।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गम्भीर



दुर्घटनाग्रस्त बाईक सवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के मोहुलपहाड़ी के समीप एक ट्रक ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। दिनेश गोंराई नामक युवक जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष है। वह शिकारीपाड़ा से मोहुलपहाड़ी की ओर बाइक से आ रहा था। बताया जा रहा है दिनेश गौराई थाना क्षेत्र के मुड़ायाम के रहनेवाला है।

# साहिबगंज खेल महोत्सव - 2024 का आयोजन हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** रविवार को सिद्धो-कान्हू स्टेडियम, साहिबगंज में जिला प्रशासन एवम खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान से साहिबगंज खेल महोत्सव-2024 का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता बालक एवम बालिका वर्ग के एथलेटिक्स की कई स्पर्धा कराई जा रही है , जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मी, 800 मीटर, 1500 मीटर ,1600 मीटर और 5000 रेस साथ ही शॉट पुट थ्रो ,जैवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप ,हाई जंप की प्रतियोगिता कराई जा रही है साथ ही कुश्ती के मैच भी होंगे। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त,



साहिबगंज हेमंत सती ने संबोधित करते हुए यह बताया गया कि साहिबगंज खेल महोत्सव प्रत्येक माह के 23 एवं 24 तारीख को आयोजित किया जाएगा। जिसमे खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय और डे बोर्डिंग के प्रशिक्षु खिलाड़ी तथा स्कूल के बच्चे भाग लेंगे। साथ ही खिलाड़ियों के लिए खेल बैंक खोला जाएगा, जिसमें जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में भागीदारी करने जाएंगे उनको खेल सामग्री एवं कीट खेल बैंक से उपलब्ध कराया जाएगा। उपायुक्त महोदय ने यह जानकारी दी कि साहिबगंज में नए डे बोर्डिंग और आवासीय सेंटर खोलने का प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है, साथ ही आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के लिए एक जिम ट्रेनर को नियुक्त किया जाएगा।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । सम्मानित पाने वाले में कोमल कुमारी, आकाश कुमार यादव,सोनू कुमार यादव,सीमा हेंब्रम,कुणाल कुमार यादव,मो अली,विवेक यादव आदि थे। उपायुक्त महोदय के द्वारा सिद्धो -कान्हू स्टेडियम में ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता जिला स्तर पर होनी चाहिए जिससे प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिल सकता है।

# युवाओं में बढ़ता कैंसर


कैंसर विशेषज्ञों के समूह द्वारा कैंसर मुक्त भारत फाउंडेशन के तहत एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि कैंसर तेजी से युवाओं को प्रभावित कर रहा है। अध्ययन बताता है कि देश में बीस फीसदी मामले चालीस वर्ष से कम आयु के पुरुषों व महिलाओं में पाए गए हैं। जिसमें साठ फीसदी मरीज पुरुष हैं। कैंसर के सबसे ज्यादा मामले सिर व गर्दन के कैंसर के हैं, जो करीब छब्बीस प्रतिशत बताए गए हैं। इसके बाद ये आंकड़े बताते हैं कि सोलह फीसदी मामले गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर के, पंद्रह फीसदी स्तन कैंसर तथा रक्त कैंसर के मामले नौ फीसदी हैं। कैंसर विशेषज्ञों का मानना है कि युवा पीढ़ी में बढ़ते कैंसर के खतरे की वजह तंबाकू व शराब का सेवन है। वहीं दूसरी ओर मोटापा भी एक बड़ा कारक है। जिसके मूल में युवाओं का निष्क्रिय जीवन भी है। विशेषज्ञों का मानना है कि कैंसर के मामले बढ़ने की एक वजह प्रोसेस्ड भोजन का अधिक सेवन भी है। दुर्भाग्य से चिंता की सबसे बड़ी बात यह है कि दो तिहाई मामलों में कैंसर का पता तब चलता है जब तक उपचार में देर हो चुकी होती है। दरअसल, देश में कैंसर की समय रहते जांच कराने के प्रति उदासीनता के चलते भी इस जानलेवा रोग का देर से पता चलता है। ऐसे में सरकार और सामुदायिक स्तर पर कैंसर को लेकर देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है। एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा समूह द्वारा हाल ही में जारी अपनी एक रिपोर्ट में भारत को दुनिया की कैंसर राजधानी के रूप में वर्णित किया है। इसकी वजह हर साल कैंसर के लाखों मामले दर्ज किया जाना भी है। भारत में हर साल कैंसर के दस लाख नये मामले दर्ज किये जाते हैं। आशंका जतायी जा रही है कि यह वृद्धि वर्ष 2025 तक वैश्विक औसत को पार कर जाएगी।

# शिक्षा और परीक्षा

शिक्षा और परीक्षा की गुणवत्ता के साथ समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। दुर्भाग्य से मांग के अनुसार स्तरीय शिक्षा देने में हम लोग पिछड़ते गये और शैक्षिक संस्थाओं की व्यवस्था में निजीकरण छाता गया। सरकारी संस्थाओं की बदहाली के बीच निजी संस्थाओं की बाढ़ आ गई है। वे फल फूल रहे हैं और मनमानी फीस वसूल रहे हैं। कोचिंग, ट्यूशन भी बड़े विशाल पैमाने पर शुरू हुई। अब साल्वर गैंग शिक्षण और परीक्षा को प्रदूषित कर रहा है । परीक्षाओं में बहु विकल्पों वाले सवाल चल रहे हैं जिनके लिए रटने पर जोर है। नेट की परीक्षा जो अध्यापक के चुनाव की है उसमें अभिव्यक्ति, विवेचन और समीक्षा की क्षमता जाँचने की जगह बहु विकल्प के प्रश्न दिए जा रहे हैं। इन सबसे जरूरी क्षमता का ठीक ठीक आकलन नहीं हो पाता। एन टी ए सरकार के निर्देशन में सिर्फ. कामचलाऊ तर्ज पर ठेके पर कार्य कर रही थी। फलतः नाजायज तरीकों से कमाई करने वाले जगह-जगह से उसमें सेंध लगा रहे थे जिसका खामियाजा छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। उनके परिश्रम, समय और आर्थिक नुकसान की चिंता किसी को नहीं है। एनटीए के डीजी को बदल देना और व्यवस्था में चौकसी के लिए कानून पास करना नाकाफी है। दूसरी ओर शैक्षिक तैयारी में लगातार गिरावट हो रही है। अध्यापकों का अकाल और उनके चयन में धांधली की घटनायें कई प्रदेशों में हुई हैं। इसे देखते हुए मौकापरस्त शार्ट कट और आपराधिक उपाय अपनाते हुए सक्रिय हैं। आज भी शिक्षा के लिए जीडीपी का तीन प्रतिशत के करीब खर्च होता है और छह प्रतिशत का वादा झूठा ही रह रहा है। पेपर लीक होना और ग्रेस मार्क देना आज तो रोग का लक्षण भर है। उससे जुड़े लोगों पर कड़ी कारवाई तो होनी ही चाहिए साथ ही गौर कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार अनिवार्य है।

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर





-डॉ अशोक

> कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की।

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल अपने प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई।

संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफगान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी।

लोदी से काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नही था। बादशाह भी स्वयं मुसलमान था उसने तलवार के जोर से इस्लाम का प्रचार किया। इसलिए बादशाह ने कबीर को मृत्युदंड दिया। कबीर पंथियों का मत है कि लोदी ने अनेक प्रकार के उपायों से कबीर को मरवाने की कोशिश की किंतु किसी दैवी शक्ति या चमत्कार से कबीर का कुछ नहीं हुआ। अंततः कबीर के अलौकिक व्यक्तित्व के समक्ष सिकंदर लोदी नतमस्तक हुआ और कबीर को स्वतंत्र कर दिया।

एक बार कबीर को बादशाह को सलाम अदा करने के लिए कहा तब कबीर ने उत्तर दिया 'एक परमात्मा के सिवाए मालिके मखलूक और कोई नहीं । मैं उसी को सलाम करता हूं मिट्टी से बने किसी इंसान को नहीं।' कबीर के इस प्रबल आत्मविश्वास और निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी। खरी-खरी सुनाने का अद्भुत साहस कोई खरी अनुभूति वाला व्यक्ति ही कर सकता है। कबीर अशिक्षित थे सहज, सरल सबके लिए सुलभ थे। उन्होंने जिंदगी की पोथी को खुली आंखों से पढ़ा था। वे प्रेम के एक अक्षर को पढ़कर ही पंडित हो गए थे। उनकी भक्ति में ज्ञान योग और प्रेम का अद्भुत समन्वय है।

ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं और गुरु के बिना ज्ञान नहीं। कबीर स्वामी रामानंद से गुरु दीक्षा के अभिलाषी थे किंतु शास्त्रानुसार जुलाहे कबीर पात्र नहीं थे। स्वामी रामानंद ने विवशता बताई और कबीर के स्पर्श के कारण दुबारा गंगा स्नान करने को कहा। तब कबीर ने टूटे हुए हृदय से कहा आपकी पवित्रता मुझे पावन न बना सकी किंतु मेरी अपावनता ने आपको पुनः स्नान के लिए बाध्य कर दिया। सुना था देवता के स्पर्श से पापी तक पावन हो जाते हैं किंतु आज एक देवता मनुष्य को छूकर अपावन हो गया।

## खास बात

### रेल हादसों को रोकना ही होगा

पिछले साल बालासोर, ओडिशा में 3 रेलगाड़ियों की टक्कर हुई, जिसमें 296 यात्रियों की मृत्यु हुई और 1000 से अधिक घायल हुए। इसके पीछे वजह मानवीय चूक बताई गई। उम्मीद थी कि यह हादसा रेलवे को अपनी संचालन और रख-रखाव की प्रणाली की समीक्षा करके सुरक्षा में आगे सुधार लाने का निमित्त बनेगा, विशेषकर मानवीय चूक से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम करने में, किंतु लगता है यह उम्मीद झूठी निकली। अब 17 जून को पश्चिम बंगाल में नई जलपाईगुड़ी के पास एक जगह ठहरी कंचनजंगा एक्सप्रेस को एक मालगाड़ी ने पीछे से आकर टक्कर मारी, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई और 40 जख्मी हुए। इस दुर्घटना का दोष भी मानवीय चूक पर मढ़ दिया गया।

अब तक प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 17 जून के दिन सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर रंगापानी और चैटरहाट स्टेशनों के बीच रेल-खंड में आसमानी बिजली गिरने से स्वचालित सिग्नल प्रणाली ठप्प पड़ गई, इसकी सूचना 6 बजकर 5 मिनट पर सिग्नल विभाग को प्रेषित कर दी गई। अब चूंकि निदान होने में वक्त लगना था तो सामान्य व सहायक नियमों के मुताबिक विभाग को पैदा हुई समस्या की घोषणा तुरंत कर देनी चाहिए थी, इससे होता यह कि कार्यप्रणाली का ढंग स्वचालित ब्लॉक सिग्नल व्यवस्था से बदलकर पूर्णरूपेण मानव-चालित व्यवस्था बन जाता, शायद तब हादसा टल जाता। फिलहाल अभी पता नहीं है कि ऐसा क्यों नहीं किया गया।

नतीजतन, यह प्रखंड स्वचालित सिग्नल नियमों के मुताबिक काम करता रहा, जो ड्राइवरों को दोषपूर्ण सिग्नल पारित करने के लिए अधिकृत करता है। चूंकि स्वचालित क्षेत्रीय व्यवस्था लागू थी तो चालक के लिए गाड़ी की गति 15 किमी प्रतिघंटा तक सीमित रखना और प्रत्येक रेड सिग्नल पर 1 मिनट रुकना जरूरी था। कंचनजंगा एक्सप्रेस सहित 6 रेलगाड़ियों ने इस संहिता की पालना की भी, लेकिन कंटेनर ले जा रही मालगाड़ी के चालक ने ऐसा नहीं किया, जिससे दुर्घटना घटी।

# विश्व शांति के लिये योग

## विचार-प्रवाह

**डॉ संजय द्विवेदी**

दुनिया में मनुष्य आज बहुत अशांत है। उसके मन में शांति नहीं है। इसलिए सर्वत्र हिंसा, आतंकवाद और अशांति का वातावरण है। ऐसे कठिन समय में योग का अनुगमन और अभ्यास विश्वशांति का कारण बन सकता है। मनुष्य का अगर अपने मन पर नियंत्रण हो। उसे चेतना के तल पर शांति अनुभव हो दुनिया में हो रहे तमाम टकराव टाले जा सकते हैं। वैसे भी कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन-मस्तिष्क निवास करता है। योग जहां आपके तन को शक्ति देता है वहीं जब आप प्राणायाम की ओर बढ़ते हैं तो वह आपके मन का भी समाधान करता है। मन की शांति के लिए आपको जंगलों में जाने की जरूरत नहीं है। योग आपको आपके आवास पर ही अद्भुत शांति का अनुभव देता है। एकाग्र मन और संतुलित सांसें दरअसल बहुत कुछ साध लेती हैं।

योग दिवस के बहाने यह अवसर एक उत्सव में बदल गया है। योग दिवस के मौके पर हर साल कुछ रिकॉर्ड बन रहे हैं। योग को लेकर देश में उत्साह का वातावरण है। हर आयु वर्ग के लोग अब इस गतिविधि में हिस्सा ले रहे हैं। देश के संत समाज और योगियों ने इस अद्भुत ज्ञान को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सार्थक प्रयत्न किए हैं।

इसके लोकव्यापीकरण में बाबा रामदेव सबसे चमकदार नाम हैं किंतु उनके अलावा भी विधिध धाराओं से जुड़े संत और धर्मगुरु भी इस विद्या को प्रचारित और प्रोत्साहित करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इसी तरह देश भर के सामाजिक संगठन, विद्यालय और राज्य सरकारें भी इस गतिविधि को प्रोत्साहित कर रही हैं।

**रांची** (नामकुम) स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में कृषि वैज्ञानिकों के साथ परिचर्चा हुई। केंद्रीय कृषि मंत्री आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी के साथ मैं भी शामिल हुआ। कृषि उत्पादन, स्वरोजगार व शोध सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।


**–संजय सेठ, केन्द्रीय राज मंत्री**

## आपके ट्वीट

**पूर्वी** सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया। हमारी सरकार डैम के पानी को सिंचाई हेतु स्थानीय किसानों को उपलब्ध करवाएगी। पर्यटकों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**– चंपई सोरेन, सीएम**





**बांग्लादेश** भारत का सबसे बड़ा डेवलपमेंट पार्टनर है, और बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को हम अत्यधिक प्राथमिकता देते हैं।स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बांग्लादेश के विजन को साकार करने में, भारत की प्रतिबद्धता को दोहराता हूं। **– नरेन्द्र मोदी**

# कैदियों के पुनर्वास और कल्याण को नजरअंदाज करना समाज के लिए नुकसानदेह

**- अतुल मलिकराम**

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार भारतीय जेलों में 50 वर्ष से अधिक उम्र के 73 हजार से ज्यादा कैदी हैं। ऐसे कैदियों की स्थिति और उनकी रिहाई के बाद का जीवन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर जेल प्रशासन और केंद्र सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आज के समय में, जब भारत सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो यह जरुरी हो जाता है कि हम अपने कैदी पुनर्वास प्रणाली की भी पुनः समीक्षा करें। जेल से बाहर निकलने के बाद इनका जीवन कैसा होता है, इस पर शायद कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। न तो जेल प्रशासन इनकी जानकारी रखता है और न ही केंद्र सरकार इनके पुनर्वास के लिए कोई ठोस नीतियां बनाती है। ऐसा मैं राजस्थान के जेल प्रशासन से मिले उत्तर के आधार पर कह सकता हूं कि शायद उन्हें इस बात की कोई परवाह भी नहीं है कि कैदी जेल से निकलने के बाद कैसी स्थिति में है। सोचने वाले बात है कि जिन कैदियों ने अपने जीवन के 20 -25 या यूं कहें जवानी का पूरा दौर जेल में बिता दिया है, उनसे इतना भी सरोकार नहीं रखा जा सकता कि उनके आगे के भविष्य के बारे में सोचा जाए।

यह स्थिति न केवल इन कैदियों के लिए बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है। यदि इनकी मदद नहीं की जाती है, तो वे फिर से अपराध की ओर लौट सकते हैं। इस समस्या का समाधान करने के लिए, जेल प्रशासन और केंद्र सरकार को मिलकर काम करना होगा। जिसके अंतर्गत 50 वर्ष से अधिक उम्र के सभी कैदियों का डेटाबेस तैयार करना, उनके जेल से बाहर निकलने के बाद के जीवन पर नजर रखना, उन्हें पुनर्वास और सामाजिक पुनर्गठन के लिए सहायता प्रदान करना जैसी पहलें शामिल की जा सकती हैं। केंद्र सरकार को चाहिए कि ऐसे कैदियों के पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय नीति बनाएं, उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए योजनाएं निर्मित करे और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।केंद्र सरकार को चाहिए कि ऐसे कैदियों के पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय नीति बनाये जाए, उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए योजनाएं हो और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए। हालाँकि यह केवल सरकार और जेल प्रशासन की ही जिम्मेदारी नहीं है। समाज को भी इन कैदियों को स्वीकार करने और उनका समर्थन करने में आगे आने की जरुरत है।


## सामयिक

> इस समस्या का समाधान करने के लिए, जेल प्रशासन और केंद्र सरकार को मिलकर काम करना होगा। जिसके अंतर्गत 50 वर्ष से अधिक उम्र के सभी कैदियों का डेटाबेस तैयार करना, उनके जेल से बाहर निकलने के बाद के जीवन पर नजर रखना, उन्हें पुनर्वास और सामाजिक पुनर्गठन के लिए सहायता प्रदान करना जैसी पहलें शामिल की जा सकती हैं।

स्वयंसेवी संगठनों के साथ काम किया जा सकता है, जो पूर्व कैदियों के पुनर्वास में मदद करते हैं। पूर्व कैदियों को रोजगार देने के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जा सकता है। पूर्व कैदियों और उनके परिवारों के प्रति सामाजिक कलंक को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। 50 वर्ष से अधिक उम्र के कैदियों को दूसरा मौका देने से न केवल उन्हें बल्कि समाज को भी लाभ होगा। यह एक अधिक न्यायपूर्ण और करुणामय समाज बनाने में मदद करेगा।

(राजनीतिक रणनीतिकार)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### रोके जाएं हादसे

**कंचनजंगा** एक्सप्रेस तथा मालगाड़ी टक्कर से ग्यारह लोगों के मरने और लगभग चालीस जख्मी होने का वर्णन करने वाला था। देश में रेल हादसे के बाद कुछ समय तक शोर शराबा, राजनीति, सजा देने की बात, जांच कमेटी बिठाना, मृतकों-जख्मी लोगों को आर्थिक सहायता देने की बात कही जाती है। लेकिन रेल हादसों से कोई सबक नहीं लेते।

**–अनिल सिंह, रांची,**

### ज्ञान का गौरव

**प्रधानमंत्री** का आह्वान हमें गौरवान्वित करता है कि भारत को ज्ञान और शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य है। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर नालंदा विश्वविद्यालय जो इतिहास बन चुका है, प्रधानमंत्री द्वारा नवनिर्मित विश्वविद्यालय परिसर के उद्घाटन के साथ ही पुनर्स्थापित हो रहा है। यह कथन भी महत्वपूर्ण है कि आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकती हैं। **–भारती प्रकाश, हजारीबाग**

# दक्षिण अफ्रीका चुनाव में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

**भारत** के लोकसभा चुनाव के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधीजी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाइयां लड़ीं। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है क्योंकि वहां करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते हैं। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्जबर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ्रीका पहुँचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला। यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा। दक्षिण अफ्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं।

एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया। लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्त्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी।

स्पीड न्यूज

## सत्संग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सत्संग भवन में शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्वामी ज्ञान प्रचारक रविंद्र गोप व संचालन सुरजीत सिंह ने किया। सत्संग की शुरूआत परम पिता परमात्मा कण-कण में तेरा वास से हुआ। सत्संग में आये भक्तों ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति से परमात्मा का यशोगान किया। मौके पर रविंद्र गोप ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिल सकता। आज के युग में ब्रह्म-ज्ञान पाना है तो सत्गुरु के सरण में आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सत्संग में आने से ब्रह्म की प्राप्ति एवं भ्रम की समाप्ति होती है। आज के भाग-दौड़ की दुनिया में भक्ति करना बहुत जरूरी है। भक्ति करने से मोह-माया से मुक्त एवं जीवन में खुशहाली आती है। सत्संग के समापन के बाद भक्तों को ब्रह्म ज्ञान भी दिया गया। सत्संग को सफल बनाने में अमन चौहान, सिकंदर, आदित्य, तुषार, तुलेश्वर, कृष्णादास, ओम करमाली, कालेश्वर, अनिल, विकास, जगदेव मुंडा, छोटेलाल, पुष्पा चौहान, आरती गोप, किरण देवी, लक्ष्मी देवी, पूजा कुमारी, मुकूलता देवी, राजकुमारी देवी, सुशीला देवी, वीणा देवी, तिलकी देवी, पार्वती देवी, ममता देवी, कुसुम देवी, सुमित्रा देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत वैंकटेश स्पंज आयरन फैक्ट्री लपंगा के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले जरूरतमंदो को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व अन्य सदस्यों द्वारा करीब 150 गरीब महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पूरी-सब्जी का वितरण किया गया। मौके मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है और यही मानव धर्म भी है। उन्होंने बताया गया कि पिछले आठ वर्षो से मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, उदयभान दुबे, मो. शाहिद सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

## आनंद साई दरबार का स्थापना दिवस आज से



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह सोमवार से शुरू होगा। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के प्रथम दिन शाम 4:00 बजे साईं बाबा की पालकी यात्रा का आयोजन होगा।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पालकी यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न होगी। समारोह के दूसरे दिन 25 जून को मंदिर में पूजन और हवन का आयोजन किया जाएगा। जबकि 26 जून को मंदिर परिसर में 12:30 बजे से अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## जगदेव महतो की पुण्यतिथि 30 को



**कुजू।** करमा दक्षिणी पंचायत भवन में झामुमो मांडू प्रखंड कमिटी की बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता भुनेश्वर महतो व संचालन मोहरलाल महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो के अलावे मांडू प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल व कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो शामिल हुए। इस दौरान आगामी 30 जून को बूढाखाप में स्व जगदेव महतो की 11वीं पुण्यतिथि एवं 1जुलाई को रतवे में शहिद जालेश्वर महतो की 31 वी शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया। साथ ही इसके लिए प्रचार - प्रसार के उदेश्य से दिवार लेखन करने पर सहमति जताई गयी। बाद में 2024 की विधानसभा पर अपना - अपना विचार विमर्श किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सांसद का मतकमा चौक पर स्वागत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल का रिभर साईड-गिद्दी पुल का निरीक्षण करने जाने के क्रम में शनिवार शाम मतकमा चौक भुरकुंडा में भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में भाजपाईयों ने सांसद मनीष जयसवाल को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। लोगों ने भाजपा जिन्दाबाद, पीएम नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, सांसद मनीष जयसवाल जिन्दाबाद के नारे भी लगाएं। स्वागत करने वालो में दौरान भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, मंडल महामंत्री राजेंद्र मुंडा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, मंडल कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मंडल मंत्री अनिल खरवार, राजेश महतो, पंचम महतो, वारिश खान, भोला महतो, विश्वनाथ, सोसल मीडिया आनंद कुमार सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

# भाजपा ने मनाया बलिदान दिवस

**भुरकुंडा , भदानीनगर, बासल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि**

खबर मन्त्र संवाददाता





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा ने भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। डॉ. मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। भाजपा भदानीनगर मंडल अंतर्गत देवरिया पंचायत में मंडल अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में रविवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। मंडल अध्यक्ष सागर दांगी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद उपस्थित भाजपाईयों ने उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। दांगी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से वर्णन करते हुए सबों को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। बताया गया कि मंडल अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में 14 पंचायतों में डॉ. यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। मौके पर जितेंद्र बेदिया, बलकु बेदिया, नागेंद्र करमाली, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, बासु, जीतू, दीपक, सोशल मीडिया प्रभारी आनंद कुमार सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे। भाजपा भुरकुंडा मण्डल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय जवाहर नगर शक्ति केंद्र पर रविवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की

**डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलें : सतीश मोहन मिश्रा**

पुण्यतिथि मनाई गईं। मिश्रा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद उपस्थित भाजपाईयों ने भी उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मिश्रा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना था कि कश्मीर भारत का अंग हो। एक विधान एक संविधान एक निशान का जो उनका नारा था आज वह साकार हुआ। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री मिश्रा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

मौके पर मुख्य रूप से एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, महामंत्री अशोक सोनी, राकेश चौधरी, विजय मोहन मिश्रा, राजेश सिंह, संजय सोनी, प्रीतम गुप्ता, नागेशर, चरकु राम, राजू सिंह, सहदेव वर्मा, सहित बूथ के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा का गठन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पंचायत भवन भुरकुंडा के सभागार में रविवार को भुरकुंडा क्षेत्र के प्रबुद्धजनों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता परमजीत सिंह धामी एवं संचालन विश्वरंजन सिन्हा ने किया। बैठक के दौरान भुरकुंडा के समग्र विकास एवं समस्याओं के समाधान के लिए भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा का गठन किया गया। इस दौरान भुरकुंडा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें मुख्यतः भुरकुंडा सड़क जाम को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही सड़क जाम को लेकर सोमवार की संध्या भुरकुंडा में हस्ताक्षर अभियान चलाने, सड़क जाम की समस्या से मुक्ति को लेकर रामगढ़ उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने, रविवार के दिन पूर्व की भांति बड़े वाहनों पर रोक लगाने, सड़क जाम को लेकर स्थानीय प्रशासन की उदासीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए आगे की रणनीति पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कहा गया कि भुरकुंडा को प्रखंड बनाने, भुरकुंडा रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करने, केंद्रीय विद्यालय को पुनः भुरकुंडा में स्थापित करने, आईएजी फैक्ट्री को पुनः शुरू करने, भुरकुंडा में आधुनिक अस्पताल का निर्माण,बाजार एवं फोरलेन सड़क पर आधुनिक शौचालय का निर्माण, आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने सहित विकास के लिए अन्य मुद्दों पर नवनिर्माण मोर्चा निरंतर आंदोलन करेगा। बैठक में अजय पासवान, अजय साहू, उदय मालाकार, महेश्वर साहू, मुकेश राउत, प्रवीण शर्मा, विजय वर्णवाल, एचएन यादव, नितेश ओझा, शैलेश कुशवाहा, बुधन गोस्वामी, राज नायक, विजय कुमार यादव, अमित साहू, बिहारी मांझी, मंसूर खान, कैलाश प्रसाद, जितेंद्र वर्मा, रुस्तम कुमार, रतन सिंदूरिया, देवानंद प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

# टाटीझरिया : डेढ़ वर्ष बाद भी नहीं हुई सड़क की मरम्मति

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो तिरंगी मोड़ चौक से मेन रोड गाड़ी सारम गांव जाने के रास्ते शिलान्यास हुए डेढ़ वर्ष बीत गए, लेकिन अब तक सड़क मरम्मति की नहीं हुई। सिर्फ खाना पूर्ति के नाम पर कोडरमा सांसद अनपूर्णा देवी और बरकट्ठा विधानसभा विधायक अमित कुमार यादव के हाथों सड़क मरम्मति को लेकर रिबन काटकर नारियल फोड़कर और आम जनता के बीच संवेदक द्वारा लड्डू वितरण कर खानापूर्ति किया गया। जिसे देखने वाला कोई नहीं जब कोडरमा लोकसभा सांसद या बरकट्ठा विधानसभा विधायक चुनाव में प्रत्यासी गण आमजनता को दिग्भ्रमित करने के उद्देश से जल ,जामिन ,सड़क,शिक्षा,रोजगार ,बिजली आदि जन समस्याओं का समाधान और क्षेत्र विकास कर प्रचार प्रसार गाड़ियों में डीजे साउंड पर बड़े बड़े भाषण बाजी करते है ।

वही कई मतदाताओं ने नाम लिखने के शर्त पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब चुनाव में जीत जाते है विधायक या सांसद प्रत्यासी तो क्षेत्र के जन समस्याओं को झांकने तक नही आते। दुर्भाग्यपूर्ण बात है की जब चुनाव आता है तो क्षेत्र में महापर्व की भांति विभिन्न राजनैतिक दल की पार्टियां अपने अपने प्रचार प्रसार की गाड़ियों में बैनर ,पोस्टर,राजनैतिक दल विशेष झंडे बांध और डीजे के सहारे कई तरह के मिथ्या बयान कर लोगो को दिग्भ्रमित करते है। यदि सांसद विधायक क्षेत्र में भ्रमण

**सांसद अनपूर्णा देवी और बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने रोड का किया था शिलान्यस**

करने आते भी है तो वे कुछ व्यक्तिगत लोगो से ही मुलाकात कर गाड़ी में बैठ चले जाते है। कभी भी क्षेत्र के आम जनता से रूबरू होकर समस्याओ को जानने का जिज्ञासा नही रखते है।उन्होंने यह भी कहा की टटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय से लेकर टाटीझरिया थाना भी भ्रष्टाचार के हत्थे चढ़ गया। आज प्रखंड में शिक्षा संबंधी छात्र छात्राओ को आवासीय ,जाती, आय प्रमाण पत्र समयानुसार नही मिलने से काफी परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है। जमीन म्यूटेशन नही होने कारण ऑनलाइन रशीद कटवाने में भी क्षेत्रवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज बिचौलियों के कथनुसार ही कार्य करती है। पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रेक्टर चालकों को बालू उठाव में रोका जा रहा है। सरकार कहती है कि अबुआ आवास , मनारेगा,कूप निर्माण, डीएमएफटी समेत अन्य योजना को समयानुसार पूर्ण करने को कहती है और यहां इस तरह की बाधा उत्पन्न होती है तो आखिर विचारणीय है की कैसे समयानुसार सरकारी योजना कार्यों को पूर्ण की जा सकती है।ऐसी समस्याओं को समाधान करने करने वाले कोई नेता मंत्री विधायक नही है। आम जनता को सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है।

# भुरकुंडा में कवि सम्मेलन संपन्न




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सद्भावना मंच रिवर साईड भुरकुंडा के तत्वावधान में शनिवार की रात्रि इस्लामिया उच्च विद्यालय रिभर साईड प्रांगण में मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता गया (बिहार) के कवि सैयद गुफरान अशरफी और मंच संचालन नेहाल सरयावी ने की। कार्यक्रम में बिहार और झारखंड के कवियों ने अपने अंदाज में लोगों को आनंदित किया। चन्दन प्रजापति, चंद्रिका ठाकुर, मनीष नन्दन, सरोज झा झारखंडी, शालिनी नायक, अंकित सिन्हा, मीना बन्धन, कुदरतुललाह कुदरत, सैयद नेहाल अशरफी, खालिक हुसैन प्रदेसी, अख्तर इमाम अंजुम, हसन इमाम, महफुज आलम महफुज, मकबुल मंजर, ऐजाज अनवर, नेहाल सरयावी, हारुन खुमार शेरघाटवी, मीत जरमसतपुरी आदि कवियों ने अपने-अपने प्रस्तुति से श्रोताओं को खूब आनंदित किया।

मौके पर संतोष यादव, संजय कुमार सिंह, जानकी ठाकुर, राजेश कुमार वर्मा, अभय कुमार यादव, नरेश मंडल, राहुल कुमार, नसीम अख्तर, डॉ शकील अहमद, डॉ. एसजे अख्तर, सत्येंद्र पांडेय, अजीत कुमार उपाध्याय, प्रभाकर कुमार दांगी, शंभू सिंह, धिरज कुमार, शमीम अहमद, मो. रफीक अंसारी, इरफान अली, मो. शफी अहमद, हबीब उल्लाह, अख्तर इमाम, अब्दुल, शर्मा, मो युसूफ, सरफराज आलम, सलाउद्दीन मंसुरी, खुर्शीद आलम आदि मौजूद थे।

## भुरकुंडा रेलवे स्टेशन के विकास के लिए 24 करोड़ मंजूर : महेंद्र महतो



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा के रामगढ़ जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने रविवार को बताया कि भुरकुंडा रेलवे स्टेशन के विकास के लिए रेल मंत्रालय ने 24 करोड़ रुपए स्वीकृति दी। इस लागत से अब मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र का पहला रेलवे स्टेशन भुरकुंडा में यह योजना शुरू होने जा रहा है। रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 500 रेलवे स्टेशनों को मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाना है। जिसमें इस क्षेत्र के भुरकुंडा को भी शामिल किया गया है। इस योजना पर रेल मंत्रालय भारत सरकार ने 50 हजार करोड़ रूपया खर्च करने का योजना बनाई। महतो ने बताया कि मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल से ट्रांसपोर्ट यातायात व आमजनों दुकान की काफी सुविधा होगी। सैंकड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्ष बनी रेखा वर्णवाल

## सचिव अंजू देवी व कोषाध्यक्ष बने शिवा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्सव मैरेज हॉल भुरकुण्डा में शनिवार देर शाम लायंस क्लब ऑफ भुरकुण्डा की नवनियुक्त अध्यक्षा रेखा वर्णवाल को सत्र 2024-25 के लिए पदभार सौंपा गया। इस अवसर सत्र 2023-24 की अध्यक्षा माला शर्मा ने नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा वर्णवाल को लायंस प्रसिडेन्ट जैकट व प्रसिडेन्ट मेडल पहनाकर अध्यक्ष को पदभार ग्राहण कराया। साथ ही बेल ऑन ऑडर के पालन हेतू सेंबोलिक हथौड़ा सौंपा गया। उसके बाद अगले सत्र के लिए सचिव अंजु देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद को पदभार सौंपा गया। मौके पर वर्तमान अध्यक्ष माला शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने की आशा के साथ बधाईयां और शुभ कामनाये दी। पदभार ग्राहण के बाद अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा की जिस उम्मिद और विश्वास के साथ मुझे क्लब की जिम्मेवारी दी गई है उस विश्वास को मैं कायम रखूंगी। सबके साथ और सहयोग से लायंस क्लब भुरकुण्डा सर्वाजनिक क्षेत्र में एक नया इतिहास रचेगा। उन्होंने कहा की मेरी पहली प्राथमिकता पयार्वारण, स्वस्थ्य और स्वच्छ्ता के प्रति जागरुकता लाना होगा। मौके पर अध्यक्ष माला शर्मा, लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, डॉ. राजेंद्र महतो, विजयंत कुमार, विजय वर्णवाल, एचएन यादव, राजेश अग्रवाल, संजय, अजय सिंह, डॉ. एमके मंजूल, संजय सिंह, निर्मल अग्रवाल, मुमताज सहित क्लब के दर्जनों लोगों हर्ष व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

एक नजर में

## विजैया : कई लोग कांग्रेस में शामिल




**बरही।** विजैया पंचायत में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कई लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस मे शामिल होने वालों में बेलहारा से विकास यादव, परमेश्वर पंडित, छत्रु यादव, चिंतामण रविदास, राजू यादव, डेगलाल रविदास, रूपलाल यादव, हेमलाल यादव, बेलादोहर से रोहित कुमार यादव, बुंडू से वासुदेव यादव आदि शामिल है। विधायक अकेला ने सभी नए सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी में सभी जाति धर्म के लोगों का सम्मान है। कार्यकर्ता ही उनके असल पूंजी है। मौके पर एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, रघुवीर यादव, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनायी पुण्यतिथि

**बरही।** भाजपा ने रविवार को होटल हाइवे इन बरही में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर किया गया। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही देश व समाज के लिए किए गए उनके कार्यों को याद कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर इतिहास रच दिया है। जिस कश्मीर के लिए डॉ. मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया, वहां से धारा 370 हटाकर मोदी ने एतेहासिक कार्य किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, समाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र रजक, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रो संजय बर्नवाल, डॉ सुनील दत्ता, बलराम केशरी, मुखिया मोतीलाल चौधरी, पप्पू केशरी, नंदकिशोर कुमार, राजकुमार यादव, पिंटू केशरी, प्रदीप चंद्रवंशी, इंद्रदेव यादव, सुजीत कुमार, रितेश गुप्ता, नितेश कुमार, राजकुमार केशरी, राहुल कुमार राणा, निरंजन केशरी, सुजीत कुमार, ब्रह्मदेव यादव आदि शामिल मौजूद रहे।

## यौन शोषण के आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ पुलिस ने ढोल बजाकर लंबे समय से फरार चल रहे पोक्सो एक्ट के एक आरोपी के घर सहित आसपास के सार्वजनिक स्थलों में पोस्टर चिपकाकर आरोपी को एक माह के भीतर सरेंडर करने की चेतावनी दी है तय समय के भीतर सरेंडर नहीं करने पर कुड़की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी । आरोपी बेला गांव निवासी राकेश मल्हार पिता स्वर्गीय चंद्र मल्हार है जिसके विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना में एक महिला ने फरवरी में नाबालिक बहन के साथ यौन शोषण करने का मामला दर्ज करवाया था। महिला ने कहा है कि मैं गर्भावस्था में थी इस दौरान मेरे देखभाल करने मेरी बहन मेरे घर आई थी इस बीच सरस्वती पूजा के दिन शाम को घूमने के लिए निकली थी राकेश मल्हार मेरी बहन को झांसा देकर अपने सुनसान पड़े घर में ले जाकर यौन शोषण किया। किसी को बताने पर जान मारने की धमकी दी घटना के बाद किसी तरह मेरी बहन घर पहुंची और आपबीती बताई। इसके बाद थाना पहुंचकर मामला दर्ज करवाया मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा है।

## चरही में भाजपा ने मनाया बलिदान दिवस

**चरही।** चरही के भाजपा कार्यलय जगदंबा कॉम्प्लेक्स में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया।उनके तस्वीर पर भाजपा कार्यकताओं ने बारी-बारी से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने ने कहा कि स्व. मुखर्जी एक महान व्यक्ति थे।इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर राज्य और देश के हित में कार्य करने का संकल्प लेने की जरूरत है।मौके पर मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,शशि कुमार,रोहित महतो,सत्येन्द्र नारायण सिंह, दिनेश महतो,गौतम सिंह,राजकुमार वर्मा,पीके सिंह,विक्की सिंह,जयंत यादव,रमेश पडित, सतीश कुमार साहू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीजीटी अभ्यर्थियों ने अंबा प्रसाद को दिया धन्यवाद

**हजारीबाग।** झारखंड के कई जिलों से पीजीटी के सफल अभ्यर्थियों ने अंबा प्रसाद के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार एवं सम्मान प्रकट किया। सैकड़ो की संख्या में पीजीटी के सफल अभ्यर्थी उनके हजारीबाग निवास स्थान में एकत्रित हुए ।अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा देने के बाद जब परीक्षा कैलेंडर के अनुसार से रिजल्ट का प्रकाशन नहीं हुआ तब वे लोग अपनी व्यथा को लेकर अंबा प्रसाद के पास पहुंचे थे। अंबा प्रसाद ने यह बिना देखे कि वे उनके चुनाव क्षेत्र से नहीं बल्कि पूरे झारखंड राज्य से हैं निस्वार्थ भाव से कई बार मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयो में जाकर रिजल्ट प्रकाशन में सहयोग प्रदान किया ।परिणाम स्वरूप सरकार द्वारा मार्च माह में 11 विषयों में से चार विषयों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिया गया। आचार संहिता समाप्ति के पश्चात अन्य सात विषयों का भी रिजल्ट प्रकाशित कर सोमवार से जैक में काउंसलिंग प्रारंभ किया जा रहा है ।अभ्यर्थियों ने अंबा प्रसाद को गुलदस्ता दिया और मुंह भी मीठा करवाया । अभ्यर्थियों के द्वारा लाये गए आम के वृक्ष को अंबा प्रसाद ने अपने परिसर में लगाकर सुशोभित किया। इस दौरान देवेंद्र कुमार, अभय कुमार, गोपाल कुमार, सीताराम कुमार, श्रीकांत कुमार,प्रभात कुमार, पिंटू कुमार ,नेहा सिंह, नेहा यादव, रितु कुमारी, नीतू सिंह, पंकज कुमार,महेंद्र कुमार,रवि कुमार,भरत दांगी, टिंकू कुमार, सूरज कुमार, मोहम्मद सलमान सहित कई लोग मौजूद थे।

## शिवराज सिंह चौहान से मिले मनोज यादव

**बरही।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराजसिंह चौहान का आगमन रांची में हुआ। शिवराज सिंह चौहान के आगमन पर रांची में भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व असम के मुख्यमंत्री सह चुनाव सहप्रभारी हेमन्त विश्व सरमा मौजूद थे। पूर्व विधायक श्री यादव ने चौहान का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने राज्य के राजनीतिक परिद्दश्य पर चर्चा किया और देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने की बधाई दी। पूर्व विधायक ने एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री को बधाई दी और उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साह जताया। पूर्व विधायक ने चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान को आश्वस्त किया कि इस बार पूरे राज्य में यहां की जनता बदलाव के मूड में है और राज्य में भाजपा शाषित सरकार बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है। गरीब, महिला, युवाओं के साथ ही देश के वंचित वर्ग का जीवन आसान हुआ है। विरासत, विकास व विश्वास को संजोए यह अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि देश और एनडीए परिवार को गौरवभूषित तथा हर्षित करने वाली है।

## विधायक की लोकप्रियता से घबराया है विपक्ष : उपेंद्र

**हजारीबाग।** टाटीझरिया विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पांडेय ने बरकट्ठा विधायक अमित यादव लोकप्रियता से घबराया हुआ है विपक्ष। उन्होंने कहा कि विपक्ष अनर्गल व्यानबाजी कर रहा है। दरिया में विधायक के खिलाफ की गयी नारे बाजी पर पांडेय ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पांच वर्षो तक विधायक अमित कुमार यादव जनता और कार्यकर्ता के बीच रहे है। क्षेत्र में विकास के साथ साथ सुख दुख में हमेशा साथ रहे है। इनकी लोकप्रियता को देखकर विपक्ष को ये बात हजम नहीं हो रही है और अनर्गल बयान बाजी कर रहा है। प्रविल प्रसाद ने कहा कि जितना समय विधायक ने इचाक ,दारू और टाटीझरिया के जनता के बीच समय दिए है और विकास कार्य किए है आज तक कोई विधायक नही कर पाया है।

## स्पीड न्यूज

### हाथी देखने के चक्कर में कुंआ में गिरा युवक, हुई मौत

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र के एडादोन स्थित खेत के कुंआ में गिरकर हाथी देखने गए एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद कैरो थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के तान निवासी स्व राजकुमार उराँव के 18 वर्षीय पुत्र उमेश उराँव के रूप में हुई है।

### मकड़ी के डंक से गंभीर रूप से बीमार हुआ युवक

**लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र के हुदु गांव में मकड़ी के डंक से एक 16 वर्षीय किशोर गंभीर हो गया जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। किशोर की पहचान हुदु गांव निवासी गोवर्धन महलीं के 16 वर्षीय पुत्र छोटू महलीं के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आज सुबह छोटू अपने घर में बैठा हुआ था इसी दौरान एक मकड़ी ने उसे डंक मार दी। जिसके बाद छोटू की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसे भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है।

### फुटबॉल खेलने के दौरान घायल हुआ युवक

**लोहरदगा।** जिले के एक्कागुड़ी कुम्बा टोली में फुटबॉल खेलने के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद इलाज के लिए युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा लाया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घायल युवक की पहचान महावीर महतो के पुत्र संदीप महतो के रूप में हुई है।

### सर्पदंश से महिला गंभीर, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**लोहरदगा।** जिले के बगडू थाना अंतर्गत नीचे बगडू गांव में एक महिला सर्पदंश से गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजन महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां महिला को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। जानकारी अनुसार बगडू थाना अंतर्गत नीचे बगडू गांव निवासी सुजीत उरांव की 30 वर्षीय पत्नी सबिता उरांव घर से कुछ दूरी पर बकरी चराने गई थी। इसी दौरान महिला सर्पदंश का शिकार हो गई जिसके बाद उसने मामले की जानकारी परिजनों को दी। वहीं परिजनों ने महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां महिला का इलाज चल रहा है।

### ट्रक और मोटरसाइकिल में टक्कर, दो घायल

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के सलगी महादेव मंडा के समीप एक ट्रक और मोटरसाइकिल की आमने सामने की टक्कर हो गई। मौके पर मोटरसाइकिल सवार बालूमाथ के चितरपुर अंबाकोचा गांव निवासी सुधीर टाना भगत एवम बसंती टाना भगत को गंभीर चोट आई। बताया जा रहा है की ग्रामीणों के द्वारा दोनो घायलों को बसारटोली अस्पताल में दोनो को ले जाया गया। बसंती का बाया हाथ टूट गया है एवम सुधीर के सर पर गंभीर चोट आई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बस ड्राइवर ने फादर के साथ की मारपीट, आक्रोशित लोगों ने चैनपुर -गुमला मुख्य मार्ग को किया जाम

## थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद हटी जाम, जाम के दौरान परेशान दिखे लोग




मारपीट के बाद सड़क जाम किये आक्रोशित लोग, जामकर्ताओं को समझाते थाना प्रभारी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के बारवे उच्च विद्यालय के सह प्राचार्य फादर अजित कुजूर के साथ वैभव बस के ड्राइवर के द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। जिसके बाद रविवार की सुबह आक्रोशित लोगों ने चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फादर अजित कुजूर शनिवार की रात अपने जरूरी काम से बस स्टैंड के समीप खड़े थे। तभी पीछे से वैभव बस आकर लगी और किसी कारणवश दोनों की गाड़ी आपस में सट गई। जिसके बाद बस ड्राइवर ने गाड़ी से उतरकर फादर के साथ धक्का मुक्की कर दी। जिससे फादर जमीन पर गिर गये और उनको हाथ में चोट लगी। जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने फादर को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इधर फादर के साथ मारपीट की घटना पूरे चैनपुर में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने रविवार को आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव दल बल के साथ जाम स्थल पंहुच कर लोगों को समझाया और कहा कि आप थाना में आवेदन दें। पुलिस कार्रवाई जरूर करेगी। जिसके बाद लोगों ने जाम को हटा लिया गया। इधर लगभग दो घंटे से लगे जाम में दोनों ओर गाड़ी की लंबी कतार लग गई थी। जाम के दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना कराना पड़ा।

### झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन ने की नींदा

**गुमला।** बरवे उच्च विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक धर्मगुरु फादर अजीत एक्का के साथ बीती शनिवार रात को वैभव नामक यात्री बस के कंडक्टर एवं ड्राइवर के द्वारा मारपीट की गई है। इस घटना की झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएसन कड़ी निंदा करती है और मारपीट में संलिप्त आरोपियों के अविलंब गिरफ्तारी की मांग करती है। संरक्षक अमित एक्का ने कहा कि अलग-अलग तरीके से ईसाइयों पर हमले किए जा रहे हैं। कभी धर्म, जाति, चर्च, कभी जमीन के नाम पर समुदाय हमेशा निशाने पर रहता हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है। जनमानस में हमेशा एक सवाल रहता है बल्कि ईसाई समुदाय हमेशा सबके साथ प्रेम, शांति, सेवा और सद्भावना के साथ सब की उन्नति के लिए प्रार्थना और कार्य करता है। इसके बावजूद इस तरह का हमला होगा। इसे संगठन स्वीकार नहीं करेगा। आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग करते हैं। अध्यक्ष हेमंत कुमार ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस तरह की घटना पर मजबूती से नकेल कसने की आवश्यकता है। आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो।

## नीट यूजी परीक्षा में हुए धांधली व छात्रों के भविष्य को लेकर

# कांग्रेसियों ने फूंका केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला, इस्तीफे की मांग की



टावर चौक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंकते कांग्रेसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** नीट यूजी परीक्षा 2024 में छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलावाड व परीक्षा में हुए धांधली के खिलाफ रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्थानीय टावर चौक में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन कर उनकी बर्खास्तगी की मांग की। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा विगत 04 जून 2024 को नीट यूजी 2024 का परिणाम जारी किया गया। जिसमें परीक्षा में हुई अनियमितताएं गंभीर चिंता का विषय है। कार्यप्रणाली का खुलासा किए बगैर ग्रेस मार्क्स देने से परीक्षा परिणाम में हुई गड़बडी को लेकर गंभीर संदेह पैदा हुई है। कुछ परीक्षा केन्द्रों में तकनीकी गड़बडियों एवं कदाचार से ग्रस्त होने के स्पष्ट प्रमाण सामने आये हैं। भाजपा शासित गुजरात, हरियाणा, बिहार राज्यों में हुई गिरफ्तारियों से संगठित भ्रष्टाचार एवं कदाचार का स्पष्ट पैटर्न उजागर हुआ है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन आरोपों की गंभीरता को उजागर किया है। जिला कांग्रेस कमिटी गुमला के द्वारा नीट यूजी 2024 परीक्षा में हुए इस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, अनियमितताएं तथा एनडीए सरकार की निष्क्रियता एवं चुप्पी के खिलाफ आज हम सभी पुतला दहन किया है। चैतु उरॉव ने कहा कि मोदी सरकार पेपर लीक सरकार बन चुकी है। केन्द्र सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

# 106 वां सप्ताह स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




शिविर में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 106 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 41 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करा कर लाभान्वित हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा बदलते मौसम पर अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए। जिससे होने वाले कई बीमारीयों की जानकारी मिल सकती है जिससे कि समय पर उसका इलाज कराकर स्वस्थ हो सकते हैं।

## डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप भाजपाइयों ने मनाया



कार्यक्रम में शामिल भाजपाई



पौधारोपण करते कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। बलिदान दिवस कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण कर शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे।

## हिंडाल्को के विरुद्ध सशक्त आंदोलन की जरूरत

# क्षणभंगुर आंदोलन से सकरात्मक नतीजा की उम्मीद नहीं: रितेश कुमार



रितेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा है की विगत कुछ दिनों से बाजार में यह बात बहुत ही तेजी से फैली है कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज प्रबन्धन खनिज उत्खन्न व ट्रकों के संचालन में मनमानी रवैया अपनाये हुए है। परन्तु यह भी सच है कि लोहरदगा जिला में जो भी जनप्रतिनिधि हैं वे किसी ना किसी रूप में अपनी स्वार्थों की पूर्ति में लगे रहते है अन्यथा जिस कम्पनी द्वारा लोहरदगा जिला में आजादी के पहले से खनिजों का दोहन कर अरबों खरबो रुपये का कमाई करने के बावजूद जिला के विकास तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में खानापूर्ति मात्र करते आ रही हो, फिर भी किसी भी संगठन या राजनीतिक पार्टी द्वारा हिंडाल्को के विरुद्ध गम्भीरतापूर्वक ना ही आवाज उठाया गया है और ना हीं कोई गम्भीर आंदोलन किया गया। वैसे में अचानक अब कोई करिश्मा की उम्मीद नहीं की जा सकती है, स्थानीय को रोजगार देने की बात तो दूर की कौड़ी है। आज हमारे बीच हमारे अभिवावक सह इंटक महासचिव पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू अगुवाई में हिंडाल्को के मनमानी रवैये के विरुद्ध कल से प्रारम्भ हुई आंदोलन में जो जोश व जुनून दिखा वह बहुत ही प्रशंसनीय है एवं स्वागतयोग्य भी है। किसी भी कम्पनी के द्वारा यदि किसी क्षेत्र से कमाई की जाती है तो उसका फर्ज होता है कि वह स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे तथा रोजगार की सृजन करे वही साथ ही साथ क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करे। परंतु स्थापना समय से ही हिंडाल्को इंडस्ट्रीज प्रबन्धन द्वारा स्थानीय लोगों के साथ क्षल करते आयी है। ना रोजगार का सृजन किया और ना ही क्षेत्र के विकास किसी भी प्रकार का मिशाल कायम कर सकी।

# पति ने टांगी से मारकर की पत्नी की हत्या, घटना में पति के सर पर भी लगा चोट

## घटना के समय मृतका बच्चों के साथ बारी में कर रही थी काम, पुलिस रात में पहुंचकर शव को लिया कब्जे में

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के खंभा गांव में संपति देवी नामक महिला की टांगी से मारकर हत्या कर दी गई। जबकि घटना में मृतका का पति ललितेश उरांव घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में कर थाना लायी।

वहीं घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में इलाज करवाया। इस संबंध में मृतका के पिता पुनई उरांव ने रविवार को घाघरा थाना में जानकारी देते हुए बताया कि उसकी पुत्री संपत्ति देवी और उसका नाती रामचंद्र उरांव शनिवार की रात 9:00 बजे बारी के पास तार से लगे घेरा को देखने गये थे। इसी क्रम में उसके दामाद ललितेश उरांव मेरी पुत्री के साथ मारपीट करने लगा।



घायल युवक

उसके साथ में आये अन्य लोग भी मेरी बेटी के साथ मारपीट की। इसी क्रम में टांगी से मेरी बेटी के सर पर वारकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद सभी वहीं जमे थे। हम सभी डर से नहीं गये और अपनी पत्नी समिया उरांव को घटना की जानकारी लेने के लिए भेजें। जिस पर दामाद द्वारा मेरी पत्नी को भी लात घुस्से से मारपीट की गई। इस क्रम में अपनी जान बचाने को लेकर मेरी पत्नी ने लोहे के रड से वार की। जिससे ललितेश के सर पर चोट लगी और वह घायल हो गया। घटना के बाद दामाद के सहयोगी ग्रामीण चले गए। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई।

जहां पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची और मेरे पुत्री के शव को कब्जे में ले लिया। इधर दामाद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के क्रम में अपने सास पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके द्वारा रड से मारकर मुझे घायल कर दिया गया। हालांकि ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उसकी सास की शारीरिक स्थिति बहुत सही नहीं है। वही प्रत्यक्षदर्शी मृतका का पुत्र रामचंद्र उरांव ने बताया कि बारी में तार से लगाए गए घेरा को देखने मेरी मां और हम गए थे। इसी क्रम में मेरे पिता ललीतेश उरांव पहुंचे। उसके साथ अन्य लोग थे। बिना कहे मेरी मां के साथ मारपीट करने लगे और टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। मृतका के पिता पुनई उरांव ने यह भी बताया कि उसके दामाद और बेटी 5 साल से अलग रहते है। मेरी बेटी मेरे घर में अपने पुत्र पुत्री के साथ रहती है। विगत एक वर्ष पूर्व कोर्ट में मेरी बेटी द्वारा मेंटेनेंस खर्च को लेकर केस की थी। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस देर रात ही घटनास्थल पहुंच महिला का शव बरामद कर थाना लाया। वही घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भेज इलाज कराया। मामले की छानबीन की जा रही है।

## एक नजर में

### सात ट्रेडों में युवाओं को प्रशिक्षण देकर जेएसएस जोड़ेगा युवाओं को रोजगार से: अमित मिश्रा

**गुमला।** जन शिक्षण संस्थान विकास भारती विशुनपुर के द्वारा कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से विभिन्न ट्रेडों में गुमला के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। रविवार को डीएसपी रोड स्थित जेएसएस के कार्यालय वित्तीय वर्ष 2024-24 को लेकर संचालित विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जेएसएस के निदेशक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सात ट्रेडों ब्यूटी एंड वेलनस, इलेक्ट्रोथ्रकस एंड हार्डवेयर, फूड प्रोसेसिंग, हैंडी क्राफ्टएंड कारपेटस, कंप्यूटर प्रशिक्षण, उड एंड कारपेंट्री का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए तीन हजार लोगों का सर्वे किया गया है। जिसमें 18 सौ लोगों को चयनित कर प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षण के बाद उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार हेतु ऋण भी संस्था की ओर से मुहैया कराया जाएगा। पिछले वर्ष काफी संख्या में लोगों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा गया था। अमित कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रशिक्षित कर जागरूक करना है ताकि भविष्य में वे रोजगार प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में प्रोग्राम मैनेजर मुकेश राय, केवीके के अटल बिहारी तिवारी, विजय कुमार, राजेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 5.52 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गुमला पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला।** गुमला पुलिस ने 5.52 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पालकोट प्रखंड के उमड़ा तिलैयाडीह वर्तमान पता आदर्श नगर गुमला निवासी सुरेंद्र गोप को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव व थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला थाना क्षेत्र के करमटोली स्थित जिला सकूल मैदान के पानी टंकी के पास दो तीन लड़के ब्राउन शुगर खरीद बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम जब वहां पहुंची तो पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा। जिसे साथ गये पुलिस बल के जवानों ने खदेडकर पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद तलाशी लेने पर उसके पास से 5.52 ग्राम ब्राउन शुगर और एक हजार रूपया मिला। गिरफ्तार युवक ने बताया कि 19 जून को वह गढ़वा से ब्राउन शुगर लाया था। जिसे बेच रहा था। वह पूर्व में भी एनडीपीएस एकट में जेल जा चुका है। छापमारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, पुअनि गुलशन भेंगरा, पुअनि अंकित राज, गृीरक्षक रोहित कुमार शामिल थे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भाजपाईयों ने मनाया बलिदान दिवस

**गुमला।** जिला भाजपा के द्वारा रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 71वीं पुण्यतिथि(बलिदान दिवस) रविवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन वृत्त एकात्म मानवतावाद एवं राष्ट्रवाद को लेकर किये गये अमूल्य योगदान को याद करते हुए उनके एक भारत सर्वश्रेष्ठ भारत के सिद्धांत पर चलने का भाजपा नेताओं ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष अनूपचंद अधिकारी, सविंद्र सिंह, उपाध्यक्ष यशवंत सिंह, श्रीमती गायत्री देवी, नगर अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह, नगर महामंत्री श्रीमती रामेश्वरी उरांव, नगर उपाध्यक्ष बबलू सिंह, बबलू वर्मा, विनोद कुमार, लक्ष्मी बड़ाईक, कौशलेंद्र जमुवार, एसटी जिला मोर्चा अध्यक्ष रामावतार भगत, देवेंद्र नाथ उरांव, पूर्व वार्ड कमिश्नर शैल मिश्रा, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा आदि उपस्थित थे।

### गुमला नगर परिषद द्वारा चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

**गुमला।** राज्य में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर परिषद गुमला के द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से रविवार को अपराह्न 04:00 बजे मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नशा के विरुद्ध नागरिकों के बीच जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न नशा विरोधी नारों से शहर गुंज उठा। रैली में नगर परिषद कार्यालय के कर्मियों सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं शामिल हुई। रैली नगर परिषद कार्यालय से आरंभ होकर शहर के सभी मुख्य मार्गों में घूमी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर प्रबंधक हेलाल अहमद खान, नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग, सामुदायिक संगठनकर्ता बिमला देवी, कार्यालय सहायक रौनक कृष्ण पाण्डेय, कर्मी मुन्ना कुमार, प्रदीप राम, सीआरपी गण सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूह की लगभग 250 महिलाओं ने सहभागिता निभाई।

### बाईक से गिरकर दो युवक हुए घायल

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बूमटेल मोड में बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से चांपी निवासी मनोज पन्ना और संदीप एक्का गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी पर जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक घटना स्थल पहुंचे। इसके बाद जारी थाना की पुलिस भी पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक बाइक से पेट्रोल पंप तेल भराने गए थे। इसके बाद भीखमपुर की ओर जा रहे थे। तभी तीखी मोड में अनियंत्रित होकर गिर गए। लोगों ने बताया उस मोड में कई लोग दुर्घटना हो चुकी हैं। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर रूप से घायल मनोज पन्ना को डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन परिजन के नहीं पहुंचने पर उसे रिम्स नहीं ले जाया जा सका था। फिलहाल सदर अस्पताल में दोनों का इलाज चल रहा है।

### लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर ने फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत किया खिचड़ी का वितरण

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर का सिग्नेचर प्रोजेक्ट फूड फॉर हंगर के तहत रविवार को महावीर चौक प्याऊ के पास खिचड़ी का बितरण किया गया। मौके पर लगभग सैकड़ों लोगों को खिचड़ी खिलाया गया। क्लब के अध्यक्ष लायन राजेश लोहानी ने कहा की जन सेवा के तहत क्लब के द्वारा खिचड़ी वितरण का निर्णय लिया गया व अपने क्लब का सिग्नेचर प्रोजेक्ट प्रोग्राम फूड फॉर हंगर के तहत अगले रविवार को भी उपरोक्त व समय को पुनः खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। क्लब के सचिव हिमांशु केशरी ने कहा की अपने क्लब के स्लोगन को चरितार्थ करते हुए काफी ही प्यार व उमंग से क्लब के सदस्यों के द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया। उन्होंने कहा की खिचड़ी वितरण से दूर दराज के लोग ज्यादा लाभान्वित हुए। आम राहगीरों के साथ साथ क्लब के सदस्यों ने भी एक साथ खिचड़ी खाकर इसका लुफ्त उठाया। वहीं क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन सह चार्टर्ड प्रेसीडेंट अमित महेश्वरी ने मौके पर उपस्थित सभी क्लब सदस्यों में एक नया जोश व मानव सेवा हेतु एकजुट होकर आगे आने को कहते हुए कहा की क्लब के द्वारा और भी भिन्न भिन्न कार्यक्रम मानव सेवा व जनकल्याण के लिए आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर पर लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर के सदस्यों के आलावे गुमला चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल रॉकी, चेम्बर सचिव बबलू वर्मा, ला दीपक अग्रवाल, ला अभिनव महेश्वरी, ला सुनील अग्रवाल, ला निशांत मंत्री, ला संजीव मालानी, ला पंकज खंडेलवाल, सहित सुरभि महेश्वरी, सत्यम महेश्वरी, सुमन महेश्वरी, प्रार्थना काबरा उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पुण्यतिथि मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**लातेहार।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक शिक्षाविद महान चिंतक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह जी उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के पक्षधर थे। उन्होंने सांसद में अपने भाषण में धारा 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की थी। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने कहा था कि मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस देश की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। 23 जून 1953 को रहस्यमय स्थिति में जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था नहीं चलेगा एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान अंतोदय उनका परम लक्ष्य था। उनके आकस्मिक मृत्यु पर उनकी माता जोगमाया देवी ने कहा था मेरे पुत्र की मृत्यु भारत माता के पुत्र के मृत्यु के रूप में हुई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधनी प्रसाद यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ऐसे देश के महान विभूति को कोटि-कोटि नमन करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, महामंत्री बंशी यादव, प्रदेश कार्यसमिति युवा मोर्चा मुकेश पाण्डेय, विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, अनिल सिंह, आनंद सिंह, विष्णु गुप्ता, सतेंद्र यादव समेत भजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बलिदान दिवस पर याद किये गए डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी

- राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए समर्पित था डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवनः महेंद्र प्रसाद साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विभाग विश्रामागार परिसर में रविवार को चंदवा मंडल भाजपा कमिटी के द्वारा जनसंघ के संस्थापक श्रधेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 71 वां बलिदान दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम श्रधेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहु व मंच का संचालन दीपक निषाद ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा की भारतीय संस्कृति के नक्षत्र, अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात श्रधेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित था। वे एक प्रखर राष्ट्रवादी थे और अपने सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटे। भाजपा जिला मंत्री कुलामन साहू ने कहा की डॉ. मुखर्जी अखंड और एक भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे। उनका कहना था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर डॉ. मुखर्जी जी के सपने को साकार कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इसके अलावे अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी बातें रखी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन रिकी वर्मा ने किया। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष संजय साहु, मंडल मंत्री हीरामणि देवी, शंकर साहु, राजू भुईया,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू, ओबीसी मोर्चा महामंत्री प्रेमनाथ साहु, वीरेंद्र प्रसाद, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री प्रदीप ठाकुर, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सकीन्दर भुईया, पंचायत अध्यक्ष यमुना चौधरी, मुरारीलाल साहू, रीकेश्वर यादव, रवि ठाकुर, चंद्रभूषण केसरी, राजेंद्र यादव, ताजेंद्र सिंह, छोटू कुमार, बिनोद गंझु, शुभम कुमार, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चोरी के पांच मोटरसाइकिल के साथ छह चोर गिरफ्तार


जानकारी देती पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ थाना प्रभारी के नेतृत्व में अलग-अलग स्थान पर छापामारी अभियान चलाकर चोरी के पांच मोटरसाइकिल को बरामद किया है। वहीं बालूमाथ पुलिस ने छह चोर को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किये गए लोगों में जोशील केसरी राम वृक्ष केसरी, लालू मुंडा ईटा सहदेव मुंडा दोनो ग्राम खलारी, मुकेश दास पिता शंभू दास, जागेश्वर उरांव पिता उदन उरांव, सचिन गिरी पिता ओमप्रकाश गिरी, रोशन कुमार गंझु पिता देवनारायण गंझु सभी ग्राम मैक्लुक्सिगंज जिला रांची को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने जेएच01बीभी0129 पैसनप्रो, ग्रे कलर का बुलेट जेएच01डीइ0561, स्प्लेंडर प्लस जेएच03एएच 6900, जेएच08जी3544 एवं एक पैशनप्रो बिना नंबर का जप्त किया है। बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरूवा ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सूचना प्राप्त हो रहा था कि कई मोटरसाइकिल चोर इस क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा अलग-अलग स्थान में मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। उसके बाद बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

जहां सेरेगड़ा ग्राम में छापामारी कर चोरी का मोटरसाईकिल बेचने तथा चोरी करने के प्रयास में सभी छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस छापामारी अभियान में एसआई अमित कुमार रविदास, गौतम कुमार, विकास कुमार, सुरेंद्र कुमार महतो, एएसआई जय नारायण प्रसाद मेहता, बालूमाथ थाना रिजर्व गार्ड एवं सैट 204 एवं तेतरियाखाड़ पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## उत्पाद विभाग एवं बालूमाथ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद


बरामद शराब।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस एवं उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार की शाम बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा एवं चमातू ग्राम में छापामारी अभियान चलाकर 54 लीटर अवैध बीयर एवं 26 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। इस छापामारी के दौरान अभिषेक कुमार एवं श्याम सुंदर यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिल रही थी कि बालूमाथ के आर एवं चमातू ग्राम में कई स्थानों पर अवैध रूप से शराब की बिक्री धड़ले से की जा रही है। जिसकी सूचना पुलिस द्वारा उत्पाद विभाग को देने के बाद संयुक्त कार्रवाई की गई है। वही छापामारी के दौरान विनोद उरांव एवं नकुल साव भागने में सफल रहा है। सभी लोगों के ऊपर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस छापामारी अभियान में उत्पाद इंस्पेक्टर सोनू कुमार, बालूमाथ पुअनि संजय चौधरी व पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

# बारियातू प्रखंड मे हरा राशन कार्ड व आधार सीडिंग करने के लिए आज से लगेगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बीडीओ सह सीओ।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी पंचायत में सुयोग्य लाभुकों का हरा राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर 24 जुन से 01 जुलाई तक पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने बताया कि उपायुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को हरा राशन कार्ड निर्गत व आधार सीडिंग करना है। उन्होने बताया कि शिविर में राशन कार्डधारियों का आयुषमान कार्ड भी निर्गत कराया जायेगा। आयुषमान कार्डधारियों को ई-केवाईसी भी करना है। प्रखंड क्षेत्र मे 24 जुन को बारियातू एवं साल्वे 26 जुन को अमरवाडिह एवं टोंटी 28 जुन को शिबला एवं गोनिया एव अंत में 01 जुलाई को डाढा, फुलसु और बालुभांग पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होने शिविर में लोगो को बढ चढ कर हिस्सा लेने की अपील की।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक करते समिति के लोग।

**लातेहार।** लातेहार में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का बैठक जिले ललमटिया डैम के पास केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के सचिव छात्र नेता पप्पू यादव के अध्यक्षता में किया गया। जिसका सफल संचालन पुनीत सिंह चेरो ने किया। जिस पर बीते लोकसभा चुनाव के परिणाम पर समीक्षा किया गया। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विचार विमर्श किया। साथ ही कमेटी मजबूती पर विशेष चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों के क्रांतिकारी प्रखंड अध्यक्ष के साथ साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एक नजर में

### मोटरसाइकिल से गिरकर तीन लोग घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी पथ पर पचपेड़ी ग्राम के समीप रविवार को मोटरसाइकिल से गिरकर संतोष यादव 40 वर्ष पिता राजधानी यादव एवं उसका पुत्र रोहित यादव 15वर्ष एवं भतीजी संध्या कुमारी 6 वर्ष घायल हो गई है। आस-पास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद संध्या कुमारी की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। संतोष यादव ने बताया कि हम लोग रांची में रहकर पुचका बेचने का काम करते है और अपनी भतीजी को रांची से बाइक में लेकर अपने घर छोड़ने जा रहा था इसी बीच पचफेडी ग्राम के समीप एक बकरी आ जाने के कारण असंतुलित होकर गिर गया।

### पिकअप भैंन ने बाइक सवार को मारा टक्कर, तीन घायल एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बनवार ग्राम के समीप रविवार को एक पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल सवार को सीधी टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार अशोक उरांव 20 वर्ष पिता बुधराम उरांव, अजीत उरांव 18 वर्ष पिता रतिया उरांव एवं कार्तिक उरांव 18 वर्ष पिता सुखलाल उरांव तीनों ग्राम इतके सुइयां टोला घायल हो गया। आस-पास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद अशोक उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि तीनों एक मोटरसाइकिल में सवार होकर टंडवा से अपने घर आ रहा था इसी बीच विपरीत दिशा से जा रही एक अज्ञात पिकअप ने सीधा टक्कर मार कर फरार हो गया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर एक घायल

बालूमाथ। एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के गोनीया ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर रामविलास गंझु पिता सूफी गंझु ग्राम गोनिया गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में रामविलास गंझु को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। परिजनो ने बताया कि रामविलास गंझू छातावार से मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर गोनिया आ रहा था। इसी बीच वह असंतुलित होकर गिर गया।

### जामुन के पेड़ से गिरकर बच्ची घायल


घायल बच्ची।

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के गोनिया पंचायत के पचफेड़ा ग्राम में रविवार को सुमन कुमारी 13 वर्ष पिता अजीत राम जामुन के पेड़ से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा सुमन कुमारी को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। परिजनो ने बताया कि सुमन कुमारी घर के बगल के किनारे जामुन के पेड़ में चढ़कर जामुन तोड़ रही थी और इसी बीच पैर फिसलने के कारण वह नीचे जा गिरी।

### कार के धक्का लगने से से बच्चा घायल


घायल बच्चा।

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा एनएच22 मुख्य पथ पर बरियातू ग्राम के समीप रविवार को कार के धक्का लगने से रवि कुमार आठ वर्ष पिता अजय पसी ग्राम बरियातू घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से रवि कुमार को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। बताया जाता है कि रवि कुमार सड़क पार कर रहा था इसी बीच तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया। बरियातू पुलिस ने उक्तकार को जप्त कर लिया है।

## दूषित पानी पीने से आक्रांत बच्चों को अस्पताल से मिली छुट्टी, परिजनों ने ली राहत की सांस

- डूरु उप्रावि में विद्यालय के टंकी का पानी पीने से 20 विद्यार्थियों की बिगड़ी थी तबियत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान ग्राम के डूरु टोले में स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार की सुबह टंकी का पानी पीने से आक्रांत हुए 20 विद्यार्थियों को चंदवा सीएचसी में इलाज के बाद शनिवार की देर शाम छुट्टी दे दी गयी, अस्पताल में लगभग 5-6 घंटे निगरानी में रहने के बाद मेडिकल टीम पूरी तरह से आश्वस्त होने के बाद बच्चों को छुट्टी दी। जिसके बाद सभी बच्चे अपने परिजनों के साथ घर वापस लौट गए। बच्चों के अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद परिजनों के साथ प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। मेडिकल टीम ने बच्चों के परिजनों को आश्वस्त करते कहा कि घबराने जैसी कोई बात नही है, लेकिन एहतियातन अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य पर निगरानी बनाये रखें। इधर विद्यालय के पानी टंकी में विषाक्त पदार्थ मिलाए जाने से बच्चों की तबियत बिगड़ने व आक्रांत होने के मामले को लेकर क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है व परिजन चिंतित भी हैं। ग्रामीण चौक-चौराहों पर लोग इसी घटना की चर्चा करते देखे गए। ग्रामीणों व बच्चों के अभिभवकों ने घटना को लेकर कहा कि इस प्रकार की घटना काफी चिंताजनक है। प्रशासन जांच कर समाज मे छिपे ऐसे घृणित मानसिकता के व्यक्ति को सामने लाये व कड़ी कार्रवाई करें। हालांकि दूसरी ओर प्रशासन के द्वारा टंकी के पानी व पानी के अंदर जमे सफेद पदार्थ का सेम्पल जांच के लिए भेज दिया गया है।

# भाजपाईयों ने मनाया समर्पण दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**


समर्पण दिवस मनाते भाजपाई।

**बारियातू।** मंडल कार्यालय में रविवार को मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह की नेतृत्व मे समर्पण दिवस मनाया गया। समर्पण दिवस में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लव कुमार सिंह ने कहा की संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि है। बीजेपी इसे बलिदान दिवस के तौर पर मना रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निधन को 71 साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी उनकी मौत का रहस्य सिर्फ रहस्य बनकर रह गया है। सियासतदानों का एक धड़ा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मौत को साजिश मानता है। जबकि दूसरा उनकी मौत को प्राकृतिक बताता रहा है। मौत की असल वजह क्या रही? यह किसी को नहीं पता, लेकिन उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और मौत से पहले क्या हुआ? ये जान लेना बेहद जरूरी है। इसके पश्चात पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा की 23 जून 1953 को जनसंघ के संस्थापक और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत प्राकृतिक थी या फिर इसके पीछे कोई साजिश थी ये समझने के लिए एक बार फिर हम आपको इतिहास के उस कालखंड में ले चलेंगे जहां पहुंचकर आप यह खुद तय कर सकें। 370 के मुखर विरोधी थे। मुखर्जी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जनसंघ के संस्थापक और कांग्रेस अध्यक्ष के अलावा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का मुखर विरोधी होने के नाते भी जाना जाता है। उनकी इच्छा थी कि जम्मू-कश्मीर में भी अन्य राज्यों की तरह समान कानून रहें। कश्मीर को भी देश के हिस्से की तरह देखा जाए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि इस देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। हम सभी को उनके बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। प्रखंड कई बूथों पर भी भाजपाईयों ने समर्पण दिवस मनाया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, सत्येंद्र कुमार सिंह, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, किशोर प्रसाद, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, प्रखंड मंत्री गोपाल यादव, धनेश्वर ऊरांव, जिला परिषद सदस्य रमेश राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह हुआ आयोजित

# विद्या भारती के बच्चे हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं: ख्याली राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

**लातेहार।** रविवार को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि ख्याली राम (क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र) अजय कुमार तिवारी (प्रदेश सचिव) अनिल कुमार ठाकुर (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक) राजीव रंजन पांडे, (स्थानीय विद्यालय के प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष) नरेंद्र कुमार पांडे (प्रबंधकारणी समिति के सचिव व कार्यक्रम संयोजक) के द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती वंदना से प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरूआत हुई। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम कों संबोधित करते हुए विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि प्रतिभाशाली पहचान के लिए मोहताज नहीं होते। वे हमेशा पथ प्रदर्शक होते हैं। उनके पदचिन्हों पर उनके बाद की पीढ़ी उनका अनुकरण करती है। हमें बड़ा सपना देखना चाहिए और उसे अंदर पालकर उसे पाने के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देना चाहिए। अभिनंदन समारोह उपलब्धि का छोटा सा विराम है उसे याद रखना है आधुनिक शिक्षा हम प्राप्त करेंगे परंतु मानव मूल्य को नहीं भूलेंगे। समारोह में 10 जिलो के जैक बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के दशम व द्वादश के कुल 43 टॉपर विद्यार्थी सहित एक युवा वैज्ञानिक एक एसजीएफआई क्वालिफाइड विद्यार्थियों को चांदी का सिक्का, प्रशस्ति पत्र और उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र व रामायण की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ख्याली राम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षण आज हम सभी के लिए सुखद वह प्रेरणादाई है। आज विद्या भारती विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसने परिश्रम किया है उसका सम्मान करने का दिन है आज। कार्यक्रम में मंच संचालन गुमला विभाग के विभाग प्रमुख व क्षेत्रीय प्रचार प्रसार प्रमुख अखिलेश कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन पलामू विभाग के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल ने किया। कार्यक्रम में विद्या विकास समिति परीक्षा विभाग के जितेंद्र कुमार, देवघर विभाग के सुरेश मंडल, हजारीबाग विभाग के ओमप्रकाश सिन्हा, सह विभाग निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, विद्यालय कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, समिति के सदस्य मनीष कुमार सिंह, मनीष कुमार व संबंधित 10 जिलो के प्रधानाचार्य सहित स्थानीय विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, सचिव नरेंद्र पांडे, सह सचिव सुधांशु दुबे तथा स्थानीय विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थे।

# नीतीश ने मीठापुर सिपारा महुली पुनपुन फोरलेन का लिया जायजा

## तेजी से कार्य पूरा करने का निर्देश

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सीएम नीतीश कुमार प्रदेश में चल रही परियोजना की प्रगति की लगातार समीक्षा में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री रविवार को भी पूरे एक्शन में दिखे जब उन्होंने राजधानी पटना में चल रही कई परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इसी कड़ी में सीएम ने मीठापुर-पुनपुन फोर लेन के काम का भी जायजा लिया। करीब 11 किलोमीटर लंबी इस फोरलेन रोड परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाना है। पूरी परियोजना में 7.5 किलोमीटर एलिवेटेड फोरलेन बनेगा। पहले फेज की परियोजना में सिपारा-परसा-महुली फोरलेन की लंबाई 6.7 किलोमीटर है जिसमें से 5.4 किलोमीटर एलिवेटेड रोड है। सिपारा के पास इस पथ को पटना न्यू बायपास के एनएच 31 में संपर्क पथ से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि पहले फेज के निर्माण कार्य को इस वर्ष दिसंबर महीने तक हर हालत में पूरा किया जाए।
फेज दो में मीठापुर-सिपारा तथा महुली-पुनपुन फोरलेन पथ का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसकी लंबाई 4.3 किलोमीटर है, जिसमें मीठापुर से सिपारा तक 2.8 किलोमीटर एलिवेटेड रोड है। इसका कार्य भी चल रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मीठापुर महुली एलिवेटेड रोड से संपतचक रोड को भी जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

### लोगों को जाम से जल्द मिले निजात

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि दोनों फेज का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें ताकि पटना शहर में जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल सके। दोनों फेज के बन जाने के बाद पटना से गया के बीच आवागमन में काफी सुविधा हो जाएगी क्योंकि पटना-गया-डोभी पथ से भी इसे जोड़ा जाएगा। निरीक्षणके दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय झा और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार सहित विभाग के आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### विशेष समकालीन अभियान में लूटकांड के दो आरोपी सहित छह गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया एसपी अमित रंजन के आदेश और फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में गंभीर मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस की ओर से विशेष समकालीन अभियान चलाया गया,जिसमे फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में थाना पुलिस ने छापेमारी कर लूटकांड मामलों के दो वांछित आरोपितों सहित कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए थाना में दर्ज व्यवसायी लूटकांड के अभियुक्त हरिपुर वार्ड संख्या चार निवासी मो. सुख्तार उर्फ पप्पू, मोटरसाइकिल मोबाइल और पैसा लूट मामले के अभियुक्त मथुरा वार्ड संख्या 12 निवासी मो. मिकाइल ,थाना में बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक ऋषिदेव को हरिपुर गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। वहीं फारबिसगंज थाना में दर्ज मामले के प्राथमिकी अभियुक्त हरिपुर वार्ड संख्या 10 निवासी चुनचुन पासवान एवं थाना में दर्ज ममाले के प्राथमिकी अभियुक्त मो. जग्गू और मो. निकाईल को मधूरा वार्ड नंबर 12 में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया।

### महिषी में कार्यशाला आयोजित कर तीन नये कानून की दी जानकारी

**सहरसा।** तीन नये कानून की जानकारी को लेकर भारती मंडण मिश्र धाम, महिषी के प्रागंण में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सहरसा व महिषी थाना के पैनल अधिवक्ता आदित्य ठाकुर के द्वारा कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमे आदित्य ठाकुर ने बताया आगामी 01 जुलाई से भारत सरकार तीन नयी अपराध विधियां लागू कर रही हैं, जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 है। इन तीन नयी कानून पर अधिवक्ता, पुलिस एवं न्यायधीश को प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए आदित्य ठाकुर द्वारा अधिवक्ता एवं विधि के छात्रों के लिए जो पिछले रविवार 16 जुलाई से शुरूआत हुई हैं। प्रत्येक रविवार को एक वर्ष तक लागातार 15 जुलाई 2025 तक निरंतर कार्यशाला का आयोजन कर अधिवक्ताओं एवं विधि के छात्रों को प्रशिक्षण दिलवाने कें कार्य करेंगे।श्री ठाकुर ने बताया अभी भारतीय दण्ड संहिता, 1860 में अपराध किये जाने पर 511धाराओं के तहत सजा देने की प्रावधान हैं। वह अब भारतीय न्याय संहिता, 2023 में 358 धाराऐं के तहत सजा दी जायेगी। दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में धारा 484 के बदले नई कानून मे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में धारा 531 कर कुछ बढ़ायी गए हैं।

## स्पीड न्यूज

### धुरकी पुलिस ने किया दर्जनों दो पहिया वाहन जप्त

**धुरकी।** थाना पुलिस ने औचक वाहन चेकिंग लगाकर बिना हेलमेट वाले चालकों के दर्जनों दो पहिया वाहन को जप्त कर थाना ले गई। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि आजकल दुर्घटना काफी बढ़ गई है। जिसके रोकथाम के लिए एसपी के निदेर्शानुसार पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। आज बिना हेलमेट पहने चालकों के दर्जनों दो पहिया वाहन को जप्त कर एमवी एक्ट के तहत चालान किया गया है। जिस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा को पत्राचार किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे घर से जब भी दो पहिया वाहन से निकलें हेलमेट पहन कर निकलें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर सप्ताह व्यापी खेल कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा।** झारखंड ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में 23 से 29 जून तक जिले में कई खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गढ़वा जिला ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित होने वाले इस सप्ताह व्यापी खेल आयोजन के दौरान 23 जून को रामासाहू आउटडोर स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता, 25 जून को वॉलीबाल प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा ने बताया कि जिले के भवनाथपुर में अलग-अलग क्रीडास्थल पर साइकिलिंग, कबड्डी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ओलंपिक संघ का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

### अररिया में पिता ने पानी में डूबो कर ली मासूम बेटे की जान

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के कुसाकांटा में एक पिता ने अपने ही मासूम बच्चे को पानी में डूबोकरमौत के घाट उतार दिया । वही, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बच्चे के ननिहाल वालों ने आरोपी पिता को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। कुआडी ओपी थाना की पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया भेज दिया। मृत बच्चा कुसाकांटा बाजार निवासी विवेक साह का 10 महीने का बेटा आरव उर्फ ओम है। घटना कुआडी थाना क्षेत्र स्थित शीशाबाड़ी पुल के नीचे की है। मृत बच्चे के नाना गोपाल साह ने बताया कि दामाद ने बच्चे को घुमाने के बहाने से ले जाकर मार दिया।आरोपित ने इस घटना की सूचना उसने खुद घर आकर दिया।

### डायन का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपराकोठी थाना क्षेत्र के एक गांव में डायन होने का आरोप लगा कर एक महिला के साथ मारपीट व अमानवीय व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है।इस सम्बंध में पीड़ित महिला के आवेदन पर गांव के 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है,जिसमें उसने गांव के संतलाल सहनी, सोना लाल सहनी, रंजीत कुमार, विकास कुमार, चुल्हाई सहनी, संगीता देवी, जानकी देवी, रानी कुमारी,गीता देवी, व खूशबू कुमारी को आरोपित किया है। आवेदन में उसने बताया है कि वह संध्या 8 बजे के करीब अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी उक्त सभी लोग एक राय होकर लाठी फरसा से लैस दरवाजे पर आए और डायन होने का आरोप लगा गाली गलौज करने लगे। कहा कि इसने गांव के बूढ़े बच्चों को तबाह कर दिया है। मारो इसको मैला घोलकर पिला दो।

### आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पर पहुंची महिला की पुलिस ने बचाई जान

**नवादा।** नवादा में पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद पत्नी गुस्से में आत्महत्या करने के लिए रविवार को गांव से सटे शादी पूर हॉल्ट स्टेशन पहुंच गई। जिसकी सूचना मिलने पर कादिरगंज पुलिस ने पहुंचकर महिला को समझा-बुझाकर हिरासत में लेकर थाना लाया। जानकारी के अनुसार कादिरगंज थाना क्षेत्र के लोहरपुरा गांव की संगीता देवी अपने पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्से में आकर संगीता आत्महत्या करने के लिए शादीपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन पहुंच गई। वहीं महिला को रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा देख किसी अनहोनी की आशंका के चलते आसपास के लोगों ने मामला की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सुचना मिलने के बाद पुलिस ने आनन-फानन में शादी पूर हॉल्ट रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी महिला को देखकर पुलिस ने आनन-फानन में हिरासत में ले लिया।

# नवादा में सीबीआई को दौड़ाकर पीटा

## यूजीसी-नेट पेपर लीक की जांच करने पहुंची थी सीबीआई, चार गिरफ्तार

एजेंसी



**नवादा।** बिहार के नवादा में सीबीआई और स्थानीय पुलिस की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। जांच टीम को फर्जी बताकर हमला किया। सीबीआई टीम के वाहन चालक के साथ बुरी तरह मारपीट की गयी। घटना जिले के रजौली थाना क्षेत्र के मुरहेना-कसियाडीह की है। इस बाबत रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें 08 लोग नामजद किये गये हैं। 150-200 लोगों को अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

**रजौली थाना से पहुंची पुलिसः** सीबीआई टीम द्वारा इसकी सूचना रजौली थाना की पुलिस को दी गई। रजौली थाना से पुलिस बल के पहुंचने के बाद स्थिति सामान्य हुई। इस हमले में सीबीआई टीम के वाहन चालक संजय सोनी जख्मी हो गए। वहीं एक अधिकारी की शर्ट फट गयी. महिला सिपाही पर मुरहेना पंचायत के वार्ड संख्या 16 के वार्ड सदस्य मिथलेश प्रसाद द्वारा अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। सीबीआई के अफसरों को गालियां भी दी भी गई।

**क्यों पहुंची थी सीबीआई की टीमः** बताया जा रहा है कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले गिरफ्तार एक युवक की निशानदेही पर कसियाडीह की एक युवती की तलाश में सीबीआई की टीम पहुंची थी। छापेमारी के दौरान सीबीआई टीम ने दो मोबाइल के साथ कुछ बैंक पासबुक और यूजीसी नेट से सम्बंधित कुछ कागजात बरामद कर अपने साथ ले गई है। हालांकि, नवादा पुलिस द्वारा बताया गया है कि दो मोबाइल फोन जब्त कर सीबीआई की टीम अपने साथ ले गई है।

### क्या है मामला

शनिवार को लगभग 4 बजे सीबीआई की टीम नवादा पुलिस बल के साथ मुरहेना के कसियाडीह गांव निवासी फूलचंद प्रसाद व उनकी पत्नी बबिता देवी के घर की तलाशी लेकर वापस लौट रही थी। इस दौरान घरवालों एवं करीब 200-300 लोगों की भीड़ जमा हो गई। सिविल ड्रेस में रहे सीबीआई टीम को नकली बताकर घेर लिया। सीबीआई के अफसरों द्वारा पहचान पत्र भी दिखाया गया। नवादा नगर थाना की महिला सिपाही काजल कुमारी के द्वारा भी समझाने का प्रयास किया गया। किन्तु भीड़ में रहे लोगों ने उनलोगों की एक न सुनी और बदतमीजी करने लगे।

## जिला एवं प्रखंड स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समितियां का सम्मेलन 25 को

**सहरसा।** ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में हो रहे वृद्धि को लेकर वन एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जैव विविधता प्रबंधन समितियां का उन्मुखीकरण किया जा रहा है। वन प्रमंडल प्रसार पदाधिकारी प्रतीक आनंद में रविवार को अपने कार्यालय वेश्म में मीडिया कर्मियों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार की अध्यक्षता में 25 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड एवं जिला स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समितियां का सम्मेलन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मंत्री द्वारा ग्राम पंचायत प्रखंड पंचायत समिति तथा जिला परिषद में गठित जैव विविधता प्रबंधन समितियां को संबोधित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी जिला पंचायती राज अधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक बिहार तथा वरिष्ठ वन पदाधिकारी एवं बिहार राज्य जैव विविधता परिषद के अध्यक्ष सचिव एवं वरीय पदाधिकारी भाग लेंगें। उन्होंने कहा कि जैव विविधता की भूमिका तथा पर्यावरण संरक्षण को विकास प्रक्रियाओं के साथ संतुलित करने में महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय स्तर पर जैव विविधता संरक्षण के हितों को धरातल पर सुनिश्चित करने में स्थानीय पंचायती राज शासन की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है।

## झारखंड टीम के खिलाड़ी कौशल ने खिलाड़ियों को सिखाए क्रिकेट के गुर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के समर कैंप में झारखंड टीम के खिलाड़ी कौषल सिंह ने खिलाड़ियों को क्रिकेट के गुर सिखाए। कौशल सिंह ने खिलाड़ियों के स्ट्रेटजी मेकिंग तथा फिटनेस पर विशेष जोर दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को क्रिकेट में एक शानदार कैरियर की तैयारी करने, खुद को विषम से विषम परिस्थिति में भी मानसिक रूप से स्थिर बनाए रखने आदि की जानकारी दिया। कौशल ने खुद बच्चों के साथ बैटिंग तथा बॉलिंग तकनीक पर चर्चा करते हुए नेट में पसीना बहाया। साथ ही टीम में परस्पर सहयोग की भावना जागृत करने पर जोर दिया। ज्ञात हो कि कौशल सिंह झारखंड टीम के लिए खेलते हैं।

## पुलिस यादूका का कांड पर सही जांच करे, सच सामने लाने के लिए सीबीआई जांच हो : पप्पू



**पूर्णिया।** सांसद पप्पू यादव ने भवानीपुर के बिजनेसमैन गोपाल यादुका हत्याकांड में सही ढंग से जांच कर सचाई सामने लाने की अपील पुलिस से की है। उन्होंने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केस में दर्ज विशाल और विकास का मामला संदिग्ध लगता है। उन्होंने कहा कि यह एक राजनीतिक षड्यंत्र भी है इसलिए जो बड़ी मछलियां है उसे पकड़ा जाए और उसे पकड़ने की ओर पुलिस आगे बढ़े। विदित हो की पूर्णिया के भवानीपुर में 2 जून को गोपाल यादुका की हत्या हो गई थी और इसी मामले पर सांसद पप्पू यादव ने प्रेस वार्ता कर अपनी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार पर प्रशासन और सरकार का ऐसा दबाव है, जिससे पीड़ित परिवार परेशान है। उन्होंने कहा कि इसे एनडीए गठबंधन या इंडिया गठबंधन के नजरिए से देखा जाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार के डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी तथा होम सेक्रेटरी से लोगों को उम्मीद थी कि इस मामले में सही जांच होगी परंतु इसे राजनीतिक रंग दे दिया गया। उन्होंने यह भी बताया की इस केस के मामले में मेरी मृतक गोपाल यादुका के परिवार के दोनों भाइयों से बातचीत हुई है। यह परिवार दहशत में है। जैसा कि मुझे बात हुई है यादुका परिवार का कहना है कि संजय भगत और गोपाल यादुका का परिवार मिलकर जमीन काम किया करते थे।

## टीएमबीयू के प्रोफेसर से 50 लाख की ठगी

**भागलपुर।** 50 लाख रुपये की ठगी के शिकार तिलकामांझी भागलपुर यूनिवर्सिटी के अध्यापिका( प्रोफेसर) निर्मला कुमारी ने रविवार को बताया कि 10 जून को एक कोरियर कंपनी का फोन आता है। फोन करने वाले ने अपना नाम अमित कुमार बताया। उसने कोरियर कंपनी का एक कर्मचारी होने की बात कही। इसके बाद अमित ने उसे कथित रूप से मुंबई क्राइम ब्रांच के एक व्यक्ति से संपर्क करवाया। उस व्यक्ति डॉक्टर निर्मला को यह का कहकर भयभीत करने में सफल रहा कि आपका आधार कार्ड मनी लांड्रिंग केस से जुड़ा हुआ है। इसके बाद उसने बताया कि आपका आधार कार्ड अनाधिकृत रूप से किस-किस जगह पर प्रयोग हुआ है और उसे ट्रेस किया जा रहा है। फिर उस व्यक्ति ने परिवार, बैंक अकाउंट रकम निवेश की जानकारी ली। उस व्यक्ति ने मोबाइल को बंद न करने की शख्त हिदायत दी थी। वह बोलता रहा कि आपके ऊपर बहुत खतरा है। डॉक्टर निर्मल का कहना है कि उस व्यक्ति ने मोबाइल भी हैक कर लिया था। इसके बाद डॉक्टर निर्मला से दो आरटीजीएस फॉर्म भरवा कर एफडी किए गए धनराशि तीन लाख 5000 और 2 लाख 5000 रुपए का स्थानांतरण दो अलग-अलग खातों में करवा लिया। 11 जून तक अपराधियों ने दो किस्तों में रकम की उगाही कर ली थी।

# ठंडे बस्ते में बिहार के पहले एक्सप्रेस वे का निर्माण

एजेंसी



**पटना।** बिहार को उत्तरप्रदेश, झारखंड व बंगाल से जोड़ने वाले काशी (वाराणसी)-कोलकाता एक्सप्रेस-वे का निर्माण नहीं शुरू हो पा रहा है। एक साल पहले एजेंसी चयन के बावजूद वन विभाग की मंजूरी नहीं मिलने के कारण इस सड़क का निर्माण अधर में लटक गया है। पिछले वर्ष ही इस सड़क को एनएच का दर्जा मिला था। राज्य के 61वें एनएच के रूप में अधिसूचित यह सड़क बिहार का पहला एक्सप्रेस वे है। अधिकारियों के अनुसार वन विभाग ने पहले इस सड़क के निर्माण में 70 हजार पेड़ों के नष्ट होने का हवाला दिया। हालांकि, एनएचएआई ने जांच के दौरान मात्र 30 हजार पेड़ों के ही नष्ट होने की बात कही। लेकिन, वन विभाग अपनी ही बात पर अड़ा रहा। तब एनएचएआई की ओर से कहा गया कि अगर विभाग अनुमति दे तो वह विकल्प के तौर पर एलिवेटेड का भी निर्माण कर सकता है। वन विभाग ने यह भी कहा कि इस सड़क के निर्माण में 140 हेक्टेयर वन की जमीन का उपयोग हो रहा है। इसके समतुल्य जमीन वन विभाग को दी जाए। तब बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सहमति बनी कि वन विभाग को बांका और जमुई में समतुल्य जमीन दी जाएगी ताकि उसे वह वन क्षेत्र के रूप में विकसित कर सके। इस मसले पर सहमति बने हुए भी लंबा समय बीत चुका है पर यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया है। अब तक इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से एजेंसी सड़क का निर्माण शुरू नहीं कर पा रही है। उत्तरप्रदेश के वाराणसी के रेवासा गांव के निकट एनएच 19 से यह सड़क शुरू होकर चंदौली होते हुए बिहार के चांद में प्रवेश करेगी। चैनपुर, रामपुर, तिलौथू, कुटुम्बा, इमामगंज, संग्रामपुर होते हुए झारखंड के हंटरगंज में प्रवेश करेगी। चतरा, पत्थलगड़ा, सेमरिया, चुरचू, पेटरवार, कसमार, जयपुर, पुरुलिया, पुंछा, तलडंगरा, गहरबेटा, घाटल होते हुए पश्चिम बंगाल में बगनान के निकट एनएच 16 पर जाकर यह सड़क समाप्त होगी। इस सड़क की कुल लंबाई लगभग 672 किलोमीटर है। इसमें यूपी में 22.8 किलोमीटर, बिहार में 161.60 किमी, झारखंड में 202.60 किमी तो पश्चिम बंगाल में 285 किलोमीटर है।

### यूपी, झारखंड और बंगाल आना-जाना होगा आसान

राज्य की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं में से एक इस एक्सप्रेस-वे के बनने से बिहार के लोगों को यूपी, झारखंड और बंगाल आना-जाना आसान होगा। छह लेन के इस एक्सप्रेस-वे के बनने से वाराणसी से कोलकाता की दूरी 14 घंटे के बदले मात्र सात घंटे में पूरी की जा सकेगी। आवागमन के साथ ही यूपी, झारखंड व पश्चिम बंगाल के बीच बिहार के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। विशेषकर हल्दिया बंदरगाह तक मालों की आवाजाही आसान होगी। एक्सप्रेस वे के निर्माण पर 35228 करोड़ खर्च होगा और यह 18 शहरों से सीधा जुड़ जाएगा। एनएचएआई, पटना के क्षेत्रीय अधिकारी वाईबी सिंह ने बताया कि बिहार के लिए यह महत्वपूर्ण परियोजना है। इसी वित्तीय वर्ष में इस परियोजना पर निर्माण कार्य शुरू करने की मंशा है। अगर निर्माण कार्य शुरू हो जाए तो परियोजना को समय पूरा कर लिया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### सभी आदिवासी एकजुट ...

उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों को और अधिकार देने की कार्य योजना बनायी जायेगी। संताल समुदाय झारखंड समेत कई राज्यों के अलावा नेपाल और भूटान जैसे कई देशों में भी प्राचीन काल से निवास करता आ रहा हैं।

**विकास योजनाओं की सौगात :** वहीं सीएम ने मऊभंडार, घाटशिला में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को 2141 विकास योजनाओं की दी सौगात दी। 20484 लाभुकों के बीच लगभग 71 करोड़ 63 लाख रुपये की बांटी परिसंपत्तियां। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राज्य को संवारने को प्रतिबद्ध है। जन आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य का नवनिर्माण किया जा रहा है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना हमारी प्रतिबद्धता है। इसी उद्देश्य के साथ सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। कोरोना जैसी वैश्विक चुनौती के बीच सरकार ने जीवन और जीविका के लिए बेहतरीन कार्य किया। इसके बाद जब विकास को गति गति देने की शुरूआत हुई तो कई विपरीत परिस्थितियां आ खड़ी हुई। लेकिन, इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए हम विकास को लगातार गति देने का काम कर रहे हैं ।

**बुरुडीह डैम को बेहतर बनायेंगे :** पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन कर सीएम ने कहा कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को कई निर्देश दिये। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि सरकार कई नये पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से एक बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं। बुरुडीह डैम झारखंड का बेहतरीन पर्यटनस्थल बनेगा।

### 25 से 30 लाख...

**25 से 30 लाख में बेचा पेपर :** पेपर लीक के मामले में जांच टीम ने बिहार से तीन और लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन लोगों के पास सभी पेपरों की और उनकी आंसरशीट की कॉपी थी। पुलिस की रिपोर्ट में 13 लोगों का जिक्र है जिनको अभी तक इस मामले में बिहार से गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस को पूछताछ के दौरान सिकंदर यवेंदु, अखिलेश कुमार और बिट्टू कुमार से पता चला कि इन्होंने ही नीट यूजी के पेपर 4 लोगों को दिये और साथ में ही आंसर शीट भी दी। जिन छात्रों को यह पेपर और आंसर की दी गयी थी जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो पता चला की केवल उन्हें ही नहीं बल्कि 25 से 30 और लोगों को भी यह पेपर दिये गये थे। गिरफ्तार शख्स ने पुलिस को बताया कि उसने हर एक पेपर के बदले 30 से 40 लाख रुपये लिये।

**महाराष्ट्र से भी जुड़े तार :** मुंबई से मिली खबरों के अनुसार पेपर लीक मामले में नांदेड़ एटीएस टीम ने शनिवार रात को लातूर जिले में दो स्थानों पर छापेमारी कर जिला परिषद के दो शिक्षकों को हिरासत में ले लिया। दोनों शिक्षकों में से एक लातूर में और दूसरा सोलापुर जिला परिषद स्कूल में कार्यरत है। हिरासत में लेने के बाद नांदेड़ एटीएस ने दोनों शिक्षकों से काफी देर तक पूछताछ की। दोनों को अभी छोड़ दिया गया गया है, पर एटीएस, जरूरत पड़ने पर दोनों शिक्षकों से फिर से पूछताछ की जा सकती है। दोनों शिक्षक लातूर में निजी कोचिंग भी चलाते हैं। इनके नाम संजय जाधव और जलील पठान हैं।

### नक्सलियों ने सीआरपीएफ ...

घटना की सूचना मिलते ही फोर्स को मौके पर भेज दिया गया है। शहीद जवानों के शवों को जिला मुख्यालय लाया गया है। नक्सलियों की धरपकड़ के लिए इलाके में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। बस्तर में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान से लगातार नक्सली दबाव में हैं। अभियान से परेशान नक्सली बौखलाहट में इस तरह की कायराना करतूतों को अंजाम दे रहे हैं। अभियान से खौफ में आ कर बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर भी कर रहे हैं। रविवार को भी सुकमा में दो महिलाओं समेत चार नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

### झारखंड में देश ...

**केंद्र की राशि कहां जाती है पता नहीं :** कृषि पशुपालन विकास विभाग का जिक्र करते हुए श्री चौहान ने कहा कि पिछले पांच सालों में इस राज्य को 21 हजार 55 करोड़ रुपये मिले, पर वे पैसे कहां गये। क्या हुआ, पता नहीं। यहां बालू, कोयला, खनिज में लूट मची है। गो तस्करी हो रही है। ट्रांसफर पोस्टिंग में भी लूट है। भाजपा का संकल्प इस राज्य को इससे बचाने का है। हम सब परिश्रम करेंगे और यहां सरकार बनाकर सुशासन लायेंगे। झारखंड में एसटी सीटों पर हार के सवाल के जवाब में शिवराज ने कहा कि लोकतंत्र में जीत हार लगी रहती है।

**ये नेता बैठक में हुए शामिल :** चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को भाजपा की बैठक में संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद निशिकांत दुबे, विद्युत वरण महतो, ढुल्लू महतो, कालीचरण सिंह, पूर्व विधायक सीता सोरेन, पूर्व सांसद गीता कोडा, पूर्व मंत्री लुइस मरांडी,पूर्व मंत्री सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही सहित कई नेता शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

# आरएलवी पुष्पक की तीसरी बार लैंडिंग सफल

## इसरो ने चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई पर हवा में छोड़ा रीयूजेबल व्हीकल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को सुबह लॉन्च व्हीकल आरएलवी पपुष्पक का तीसरी बार पूरी तरह कामयाब परीक्षण किया। पुष्पक को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में इस रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ने खुद ही आधा घंटे बाद जमीन पर लैंड किया। आखिरी परीक्षण में इसरो के पुष्पक शटल ने साबित कर दिया कि यह बार-बार अंतरिक्ष में जाकर धरती पर सुरक्षित लौट सकता है। इसरो ने इससे पहले पिछले साल 02 अप्रैल को आरएलवी लेक्स-1 का सफलतापूर्वक संचालन किया था। इसके बाद इसी साल 22 मार्च को आरएलवी लेक्स-2 का सफल परीक्षण किया गया था। इसी श्रृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में आज सुबह 07:10 बजे किया गया। आरएलवी लेक्स-01 और लेक्स-02 मिशनों की सफलता के बाद आरएलवी लेक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण रिलीज स्थितियों में और अधिक गंभीर हवा की स्थिति में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का फिर से प्रदर्शन किया। इसरो के मुताबिक पुष्पक नामक पंख वाले वाहन को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई पर छोड़ा गया। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल धीमी गति से उड़ान भरने के बाद रनवे से 4.5 किमी दूर स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार युद्धाभ्यास करने के बाद रनवे के पास पहुंचा और सेंटर लाइन पर लैंडिंग गियर के साथ खुद ही एटीआर में 7.40 बजे लैंड किया। लैंडिंग करते वक्त इसका वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि एक वाणिज्यिक विमान के लिए यह 260 किमी प्रति घंटे और एक सामान्य लड़ाकू विमान के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है। टचडाउन के बाद वाहन के वेग को उसके ब्रेक पैराशूट का उपयोग करके लगभग 100 किमी प्रति घंटे तक कम कर दिया गया था। लगातार तीसरी बार यह परीक्षण सफल होने के बाद साबित हो गया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के सहारे रॉकेट को दोबारा लॉन्च किया जा सकता है। इस परीक्षण में इसरो के साथ भारतीय वायु सेना, वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), हवाई वितरण अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई), सैन्य उड़ान योग्यता और प्रमाणन केंद्र (सीईएमआईएलएसी) के तहत क्षेत्रीय सैन्य उड़ान योग्यता केंद्र (आरसीएमए), राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाएं (एनएएल), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर, भारतीय एयरोस्पेस औद्योगिक साझेदार, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से महत्वपूर्ण समर्थन के साथ कई इसरो केंद्र शामिल थे। इसरो बीते कुछ सालों में लगातार एक के बाद एक कामयाबी की इबारत लिख रहा है। इस तीसरे मिशन के साथ इसरो ने अंतरिक्ष में लौटने वाले वाहन की उच्च गति स्वायत्त लैंडिंग करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों को फिर से मान्य किया है। आरएलवी लेक्स-1 में उपयोग किए गए वाहन को उचित मंजूरी के बाद आरएलवी लेक्स-2 मिशन में पुनः उपयोग किया गया था। इसलिए इस तीसरे मिशन में उड़ान हार्डवेयर और उड़ान प्रणालियों की पुनः उपयोग क्षमता का भी प्रदर्शन किया गया है। आरएलवी लेक्स-1 और लेक्स-2 के अवलोकनों के आधार पर उच्च लैंडिंग भार को सहन करने के लिए इस बार एयरफ्रेम संरचना व लैंडिंग गियर को मजबूत किया गया था।



- कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एटीआर में रविवार सुबह 07 .10 बजे किया लैंड
- लैंडिंग करते वक्त इसका वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, वाणिज्यिक विमान के लिए यह 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू विमान के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है वेग

### भारत की आसमानी सुरक्षा और मजबूत होगी

परीक्षण सफल होने के बाद भारत अंतरिक्ष में ना सिर्फ सैटेलाइट लॉन्च कर सकेगा, बल्कि भारत की आसमानी सुरक्षा और मजबूत होगी। ऐसी ही टेक्नोलॉजी का फायदा चीन, अमेरिका और रूस भी लेना चाहते है, क्योंकि ऐसे यानों की मदद से किसी भी दुश्मन के सैटेलाइट्स को उड़ाया जा सकता है। इतना ही नहीं, इन विमानों से डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी चलाया जा सकता है, जिससे दुश्मन की संचार तकनीक को ऊर्जा की किरण भेजकर खत्म किया जा सके। भारत इसी यान की मदद से अपने दुश्मन के इलाके में किसी कंप्यूटर सिस्टम को नष्ट करने या बिजली ग्रिड उड़ाने में सक्षम हो सकता है। इसरो इस प्रोजेक्ट को 2030 तक पूरा करने की तैयारी में है, ताकि बार-बार रॉकेट बनाने का खर्च बच सके। ये सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़कर वापस लौट आएगा, जिससे स्पेस मिशन की लागत 10 गुना कम हो जाएगी।

### क्या है आरएलवी

इसरो की आरएलवी परियोजना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह अंतरिक्ष में मानव की निरंतर उपस्थिति की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा। भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यह मिशन बेहद जरूरी है। आरएलवी लेक्स-03 का उद्देश्य वाहन के प्रदर्शन, मार्गदर्शन और लैंडिंग क्षमताओं में सुधार करना है।

### आने वाले दिनों में अंतरिक्ष के क्षेत्र में बड़ा कामयाबी हासिल करेगा इसरो : एस. सोमनाथ

इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने ऐसे जटिल मिशनों में सफलता की लय बनाए रखने के उनके प्रयासों के लिए टीम को बधाई दी। इसरो प्रमुख ने कहा कि आने वाले दिनों में इसरो अधिक से अधिक अनुसंधान और उसके डेवलपमेंट पर ध्यान देकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में बड़ा कामयाबी हासिल करेगा। यह एक स्वदेशी स्पेस शटल है, जिसे ऑर्बिटल री-एंट्री व्हीकल (ओआरवी) के नाम से भी जाना जाता है। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने इस बात पर जोर दिया कि यह लगातार सफलता भविष्य के कक्षीय पुनः प्रवेश मिशनों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में इसरो के आत्मविश्वास को बढ़ाती है। जे मुथुपंडियन इस सफल मिशन के मिशन निदेशक हैं।

## वायु सेना का 'तरंग शक्ति' जोधपुर में



**जोधपुर।** भारतीय वायु सेना पहली बार बहुपक्षीय हवाई अभ्यास अगस्त के पहले हफ्ते में जोधपुर आयोजित करने जा रही है। तरंग शक्ति के नाम से होने वाले इस युद्धाभ्यास में दुनिया की 12 वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर बॉम्बर और स्ट्रैटेजिक लिफ्ट विमान शामिल होंगे। वायु सेवा सूत्रों के अनुसार दो चरणों के इस अभ्यास की शुरूआत दक्षिण भारत के एयरबेस से होगी। इसके बाद अगस्त के मध्य से सितंबर के मध्य तक यह अभ्यास जोधपुर में होगा। युद्धाभ्यास में स्पेन और यूएई समेत 12 देशों को बुलाया गया है। क्वाड देश अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा यूरोप की तीन बड़ी वायु सेनाओं ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के फाइटर जेट भी अभ्यास में हिस्सेदारी करेंगे। यह अभ्यास अमेरिका के 'रेड फ्लैग वॉर गेम' के स्तर का होगा, जिसमें नाटो देश हिस्सा लेते हैं। रेड फ्लैग वॉर गेम जून, 2023 में हुआ था। इसमें भारत में भी हिस्सेदारी की थी और अपने राफेल लड़ाकू विमान लेकर गया था। इस बहुपक्षीय युद्ध अभ्यास में रूस शामिल नहीं होगा।

## नड्डा ने दिल्ली भाजपा ऑफिस में लगाया पौधा



**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया। केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने इस अवसर पर पौधे वितरित कर सभी से इस अभियान में शामिल होने और स्वजनों को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। आइए, हम सभी मिलकर अपनी वसुंधरा को हरा-भरा बनाएं, अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं।

## बंगाल में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने प्रतिबंधित बंगलादेशी संगठन ह्यशहादत-ए-अल-हिकमा के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और विदेशी आतंकी समूह के साथ संदिग्ध संबंध के लिए एक स्नातक छात्र सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने बताया कि कंप्यूटर साइंस स्ट्रीम के द्वितीय वर्ष के छात्र को शनिवार को उसके पानागढ़ स्थित आवास से हिरासत में लिया गया और आगे की पूछताछ में संगठन में भर्ती के उद्देश्य से पांच और आरोपियों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों का शहादत-ए-अल-हिकमा से कुछ संबंध हो सकता है।

## इराक में हवाइ हमला 7 आइएस आतंकी ढेर

**बगदाद।** इराकी सेना ने शनिवार को कहा कि बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत में उनके ठिकानों पर दो हवाई हमलों में सात इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी मारे गए। सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार, खुफिया रिपोर्टों के आधार पर इराकी युद्धक विमानों के संयुक्त अभियान ने प्रांत के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक पहाड़ी इलाके में आईएस के ठिकानों और चरमपंथी आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुरंग पर दो हवाई हमले किए। सात आईएस आतंकवादी मारे गए, जिनमें एक प्रमुख व्यक्ति भी शामिल था।

# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से

- सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी और मंत्री लेंगे शपथ
- मंगलवार को होगा अध्यक्ष का चुनाव और बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और मंगलवार को अध्यक्ष का होगा चुनाव। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है और इसके बाद थोड़े दिनों के ब्रेक के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। परंपरा के तहत प्रधानमंत्री सोमवार सुबह 10 मीडिया को संबोधित करेंगे। इसी दौरान प्रोटेम स्पीकर को राष्ट्रपति शपथ दिलाएंगी। प्रोटेम स्पीकर 11 बजे सदन की बैठक करेंगे। सबसे पहले प्रधानमंत्री और नेता सदन नरेन्द्र मोदी, उसके बाद प्रोटेम स्पीकर को सहयोग करने के लिए बने पैलन के सदस्य और फिर मंत्रियों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। अगले दिन लोकसभा अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके अगले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी जिसका उत्तर प्रधानमंत्री देंगे। लोकसभा का पहला सत्र पूरा होने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त मंत्री वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी।



## अमित शाह ने बाढ़ से निपटने की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और कुछ अन्य राज्यों को भी मानसून के दौरान भूस्खलन और बारिश से जुड़ी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, गृह, जल संसाधन, नदी विकास, सड़क परिवहन विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और एनडीएमए के अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# वायु सेना और नौ सेना को मिलेंगे 10 तापस स्वदेशी ड्रोन

- तापस ने 18 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरकर दिखायी है क्षमता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने केंद्र सरकार को 10 तापस मेड-इन-इंडिया ड्रोन खरीदने का प्रस्ताव दिया है। इनमें से छह ड्रोन भारतीय वायु सेना के लिए जबकि शेष चार भारतीय नौसेना के लिए होंगे। रक्षा बलों में तापस ड्रोन को शामिल करने और अधिग्रहण करने के लिए भारतीय वायु सेना प्रमुख एजेंसी होगी। भारतीय वायु सेना के प्रस्ताव पर जल्द ही रक्षा मंत्रालय में जल्द ही चर्चा किए जाने की उम्मीद है। तापस ड्रोन को केवल सीमाओं पर निगरानी रखने ही नहीं बल्कि दुश्मनों पर हमला करने के लिए भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि मध्यम ऊंचाई वाले तापस ड्रोन को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीए) ने विकसित किया है। इनका निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से किया है। 10 तापस मेड-इन-इंडिया ड्रोन खरीदने के प्रस्ताव को रक्षा बलों की स्वदेशी मानव रहित निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। वायु सेना के छह स्वदेशी तापस ड्रोन उत्तरी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर मानव रहित निगरानी में सुधार करने में मदद करेंगे। तापस का पूरा नाम टेक्टिकल एयरबॉर्न प्लेटफॉर्म फॉर एरियल सर्विलांस बियॉन्ड होराइजन (टीएपीएएस) है। यह भारत का पहला मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी है, जो अमेरिका के एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन जैसा ही है। भारतीय वायुसेना के पास इजराइली मूल के सर्चर, हेरॉन मार्क-1 और मार्क-2 ड्रोन का बेड़ा है और वह भविष्य में तीनों सेनाओं के अधिग्रहण के हिस्से के रूप में अमेरिकी प्रीडेटर एमक्यू-9बी ड्रोन को शामिल करने की योजना बना रही है। इसी साल की शुरूआत में तापस ड्रोन की क्षमताओं पर सवाल उठाये गए थे, लेकिन डीआरडीओ इस प्रणाली को और विकसित करने के लिए तापस परियोजना पर काम कर रहा है। तापस ड्रोन का परीक्षण रक्षा बलों ने किया है, जिस दौरान वे 28 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में सफल रहे और 18 घंटे से अधिक समय तक उड़ान भर सके।डीआरडीओ के अधिकारियों ने कहा कि संबंधित प्रयोगशाला ड्रोन की डिजाइन में सुधार और शक्ति बढ़ाने पर काम करेगी, ताकि इसे ऊंचाई और सहनशक्ति की सेवा आवश्यकताओं के लिए अधिक उपयुक्त बनाया जा सके, जिसे वह हाल के मूल्यांकन में पूरा करने में सक्षम नहीं था। दरअसल, पहले बताया गया था कि तापस ड्रोन लगातार 24 घंटे से अधिक समय तक 30 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरने की क्षमता पूरा नहीं कर पाए हैं, इसीलिए उन्हें मिशन मोड परियोजनाओं की श्रेणी से बाहर रखा गया है।



# बस्तर में अब नक्सली छाप रहे हैं नकली नोट

**सुकमा (बस्तर)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाये जाने की मशीन,नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया। एसपी किरण चौहान ने बताया कि नक्सलियों द्वारा नकली नोट छापकर खपाने की फिराक की सूचना मिलने पर जिला बल, जिला रिजर्व पुलिस बल बस्तर फाईटर एवं 50 वाहिनी केन्द्रीय सुरक्षा बल की संयुक्त पार्टी विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र की ओर रवाना हुए। सुरक्षा बलों के द्वारा जंगल-झाड़ियों में तलाश करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि ग्राम कोराजगुड़ा के जंगल-पहाड़ी में नक्सली सुरक्षा बलों की गतिविधियों को देखकर जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भागने में सफल हुए। उन्होंने बताया कि घटना स्थल सर्चिंग करने पर अलग-अलग जगहों पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये नकली नोट बनाने का उपकरण, कलर प्रिंटर मशीन, इन्वर्टर मशीन, कलर इंक एवं 50, 100, 200 व 500 रुपये के नकली नोट के सैंपल तथा बंदूक, वायरलेस सेट, मैग्जीन पोच, काली वर्दी एवं भारी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री जब्त किया।

**मशीन, नकली नोट के सैंपल विस्फोटक व हथियार बरामद**



## जहरीली शराब मामले की सीबीआइ जांच होः सीतारमण

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री एवं भाजपा की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआइ से जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार द्वारा संचालित 'तस्माक' दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे।



## एक दूसरे के हुए सोनाक्षी और जहीर

**मुंबई। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल रविवार को शादी के बंधन में बंध गये। सोनाक्षी और जहीर ने अपने करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में रजिस्टर्ड शादी की। शादी से पहले सोनाक्षी सिन्हा ने अपने घर पर मां पूनम सिन्हा और पिता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ पूजा की। पूजा के कार्यक्रम में सोनाक्षी के कुछ करीबी दोस्त भी शामिल हुए।**

# मायावती ने भतीजे को फिर घोषित किया उत्तराधिकारी

- बसपा प्रमुख ने आकाश को समन्वयक पद पर किया बहाल

एजेंसी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक पद पर बहाल करते हुए एक बार फिर उनको अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। मायावती ने लखनऊ के पार्टी कार्यालय में रविवार को लोकसभा चुनाव में हार के कारणों की समीक्षा बैठक के दौरान प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह घोषणा की। एक दिन पहले ही आकाश को उत्तराखंड में उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारक नियुक्त किया गया था। सूची में उनका नाम मायावती के बाद दूसरे नंबर पर था। बसपा नेता एवं लखनऊ लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार रहे सरवर मलिक ने मीडिया को बताया कि बहन मायावती ने आकाश को पुनः अपना उत्तराधिकारी बनाया है। आकाश का राष्ट्रीय समन्वयक पद भी बहाल कर दिया है। वह देशभर में दौरा कर एक रिपोर्ट बहन जी को सौंपेंगे। मलिक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपने दम पर मैदान में उतरी बसपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। इसकी समीक्षा के लिए मायावती ने बैठक बुलाई। इसमें उनके भतीजे आकाश भी शामिल हुए। आकाश ने अपनी बुआ मायावती के पैर छुए तो उन्होंने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उम्मीद के अनुसार परिणाम नहीं आए। उन सारे नतीजों को लेकर बहन जी ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ करीब ढाई घंटे तक बैठक कर समीक्षा की। मायावती ने 07 मई को भतीजे आकाश को अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी के पद से हटा दिया था। आकाश को पार्टी के सभी प्रमुख पदों से यह कहते हुए हटाने की घोषणा की थी कि उनके परिपक्व होने तक इन कर्तव्यों से मुक्त किया जा रहा है। बसपा प्रमुख ने पिछले वर्ष दिसंबर में आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। हालिया लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान आकाश के खिलाफ सीतापुर में एक रैली में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद मायावती ने यह फैसला लिया था।



## उत्तरी गाजा में इजराइल का हमला, 39 लोगों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा में शनिवार को इजराइल के हमले में कम-से-कम 39 लोगों की मौत हो गई है। एकदिन पहले ही दक्षिणी शहर राफा के करीब शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में कम-से-कम 25 लोगों की मौत हुई थी। इजराइल ने शनिवार को कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा में अपना अभियान जारी रखेगा। फिलिस्तीनी और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, शनिवार को उत्तरी गाजा में इजरायल के हमलों में कम से कम 39 लोग मारे गए हैं। गाजा सिटी में अल-अहली अस्पताल के निदेशक फादेल नईम के मुताबिक करीब 36 शव अस्पताल में पहुंचाए गए। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने गाजा सिटी क्षेत्र में हमास के दो सैन्य ठिकानों पर हमला किया। एक दिन पहले ही दक्षिणी शहर राफा के पास तम्बू शिविरों पर हुए हमलों में कम से कम 25 लोगों की मौत और 50 लोग घायल हो गए थे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !